बैद्यनाथ आनन्दभैरव रस (ज्वर)—बुखार को पका कर उतार देता है। नये-पुराने ज्वरों में इससे फायदा होता है। बुखार के तीव्र वेग को शीघ्र कम करता है।

बैद्यनाथ आमवातारि रस—आमवात रोग से जिस समय सम्पूर्ण शरीर में दर्द और शोथ हो, उस समय इस रस के उपयोग से अच्छा लाभ होता है।

बैद्यनाथ आरोग्यवर्द्धिनी बटी—अजीर्ण, मलावरोध, रक्तविकार, ज्वर और शोथ में बहुत लाभकारी है। यह यकृत्-रोगों (Liver Complains) की बहुत उपयोगी दवा है।

बैद्यनाथ इच्छाभेदी रस—यह तीव्र विरेचक है। पेट में संचित मल को साफ कर बाहर निकाल देता है। इसका उपयोग वैद्य या कविराज के निर्देशन में ही करना चाहिए।

बैद्यनाथ उन्माद गजकेशरी—गुण-धर्म की जानकारी के लिए वैद्य से परामर्श करें।

बैद्यनाथ उन्मादगजांकुश रस—यह वात आदि त्रिदोषजन्य विकारों की श्रेष्ठ दवा है।

बैद्यनाथ एकांगवीर रस—इसके सेवन से गृध्रसी, विकलांगता आदि तीव्र वात-विकारों में लाभ होता है। अंगों में आई हुई अशक्तता को दूर करने में यह विशेष लाभदायक है।

बैद्यनाथ कनकसुन्दर रस—अतिसार और संग्रहणी में यदि आँव-दोष न हो, तो इसका उपयोग अति श्रेष्ठ है। यह वेदनाशामक, अग्निदीपक तथा संग्राहक है।

बैद्यनाथ कफकर्तरी—दमा-खाँसी में जमे हुए कफ को बाहर निकालने में अत्युत्तम है।

बैद्यनाथ कफकुठार रस—अधिक कफस्रावी खांसी और दमा में इसका व्यवहार करने से आशाजनक लाभ होता है। यह कफनाशक महौषधि है।

बैद्यनाथ कफकेतु रस—कफजन्य बुखार, खाँसी, श्वास, जुकाम में इससे जल्द और स्थायी लाभ होता है।

बैद्यनाथ कफचिन्तामणि रस—इसके सेवन से सब प्रकार के कफ और वात-रोग दूर होते हैं। कफाधिक्य होने पर इसका प्रयोग शीघ्र फलप्रद सिद्ध होता है।

बैद्यनाथ कर्पूर रस—पतला दस्त, संग्रहणी आदि में तत्काल फायदा करता है। यह संग्राहक, वेदनाशामक तथा निद्राप्रदायक अत्युत्तम दवा है।

बैद्यनाथ कल्पतरु रस—कफ और वातज्वर में बहुत ही लाभ करता है। कास, शीत, अग्निमांद्य आदि में गुणकारी है। बेहोशी में इसका नस्य भी दिया जाता है।

बैद्यनाथ कल्याण सुन्दर रस (सुवर्ण-युक्त)—यह निमोनिया और उरस्तोय में संचित कफ और जल का शोषण करता और सब प्रकारके उपद्रवों को शमित कर हृदय को बल देता है।

बैद्यनाथ कस्तूरीभूषण रस (कस्तूरी-युक्त)—सन्निपात ज्वर में जब हाथ-पैर ठंडा पड़कर नाड़ी की गति क्षीण होती जा रही हो, तब इसके उपयोग से शरीर में शीघ्र ही गर्मी आती है।

बैद्यनाथ कस्तूरीभैरव रस (कस्तूरी-युक्त)—मियादी बुखार और प्रलाप में विशेष लाभकारी है। यह बड़ी शक्तिशाली और जल्द लाभ पहुँचानेवाली दवा है।

बैद्यनाथ कस्तूरीभैरव रस वृहत् (सुवर्ण-मोती-कस्तूरी-युक्त)—तीव्र वायु के वेग और नाड़ी कमजोर होने पर इसका व्यवहार करना चाहिए।

बैद्यनाथ कामदुधा रस—रक्तपित्त, अम्लपित्त, भ्रम आदि पित्त-विकारों में लाभकारी है।

बैद्यनाथ कामदुधा रस (मोती-युक्त)—पित्तजन्य सभी रोगों की यह श्रेष्ठ दवा है। रक्तपित्त, अम्लपित्त, भ्रम, गर्भावस्था के वमन एवं रक्तस्राव आदि में बहुत उपयोगी है।

बैद्यनाथ कामधेनु रस—इसके सेवन से शरीर में बल और बुद्धि की वृद्धि होती है।

बैद्यनाथ कामिनीविद्रावण रस—गुण-धर्म की जानकारी वैद्य महोदय से प्राप्त करें।

बैद्यनाथ कुमारकल्याण रस (सुवर्ण-मोती-युक्त)—कीमती द्रव्यों से प्रस्तुत यह रस बच्चों के सभी रोगों में—जैसे कास, श्वास, शारीरिक क्षीणता, संग्रहणी, सूखारोग, वमन, पसली चलना आदि में—शीघ्र ही फायदा पहुँचाता है। चेचक और मोतीझरा में बहुत उपयोगी है।

बैद्यनाथ कुमुदेश्वर रस (सुवर्ण-मोती-युक्त)—ज्वर-युक्त पुरानी खाँसी में जब रोगी को प्रबल ज्वर, पार्श्वशूल, निद्रा-नाश एवं वायु की प्रबलता हो, तो इससे तुरन्त लाभ होता है।

बैद्यनाथ क्रव्याद रस—मन्दाग्निमूलक रोगों की श्रेष्ठ दवा है। यह दीपन और पाचन है।

बैद्यनाथ कृमिकुठार रस—कृमि-रोग-पीड़ित लोगों और विशेषकर बच्चों के लिए परमोपयोगी है।

बैद्यनाथ खंजनिकारि रस—इसके सेवन से वात-विकार दूर होता है और यह अशक्त अंगों को सशक्त बनाता है। यह निमोनिया, सन्निपात आदि रोगों में भी गुणकारी है।

बैद्यनाथ गंगाधर रस—अतिसार, संग्रहणी, आँव और खून के दस्त में बहुत गुणकारी है।

बैद्यनाथ गंधक रसायन—सब प्रकारके रक्त-विकार, अशुद्ध पारे के सेवन से उत्पन्न विकार, खाज-खुजली, फोड़ा-फुन्सी आदि रक्त एवं चर्मरोगों में उपयोगी है।

बैद्यनाथ गर्भचिन्तामणि रस वृहत् (सुवर्ण-युक्त)—इससे गर्भ की रक्षा और पोषण होता है। गर्भिणी के ज्वर, दाह, सन्निपात और दुर्बलता में यह बहुत लाभदायक है।

बैद्यनाथ गर्भपाल रस—गर्भ के कारण पैदा होनेवाले वमन, अरुचि आदि की अच्छी दवा है। गर्भ-पोषण और गर्भिणी के बल-वर्धन के लिए भी इसका उपयोग अत्युत्तम है।

बैद्यनाथ ग्रहणीकपाट रस—पुराने अतिसार और संग्रहणी में इसका उपयोग शीघ्र लाभदायक है। इसके सेवन से आम के विकार मिटते हैं तथा अग्नि प्रदीप्त होती है।

वैद्यनाथ गुल्मकालानल रस—हर प्रकार के गुल्म, विशेषकर वायुगोले की अच्छी दवा है।

वैद्यनाथ चतुर्भुज रस (सुवर्ण-कस्तूरी-युक्त)—अपतन्त्रक, दिमागी कमजोरी, आक्षेपक आदि कठिन वात-रोगों में तुरन्त लाभ पहुँचानेवाली श्रेष्ठ दवा है।

वैद्यनाथ चतुर्मुख रस (सुवर्ण-युक्त)—समस्त प्रकार के वायु रोगों में अति लाभदायक है। शारीरिक क्षीणता, दिल-दिमाग की कमजोरी, पुराना बुखार-खाँसी, अम्लपित्त, पाण्डु-रोग और अनिद्रा में इससे लाभ होता है। इसको कृष्णचतुर्मुख भी कहते हैं।

वैद्यनाथ चन्द्रकला रस (मोती-युक्त)—रक्तपित्त, रक्तस्राव, दाह, वमन, जीर्णज्वर एवं अन्यान्य पित्त-विकारों में लाभकारी है।

वैद्यनाथ चन्द्रकान्त रस—सब प्रकारके शिरोरोग की अच्छी दवा है। अर्धावभेदक (आधाशीशी) और सूर्यावर्त (सूर्य के साथ घटने-बढ़नेवाला सिर-दर्द) में इससे जल्द लाभ होता है।

वैद्यनाथ चन्द्रशेखर रस—जीर्णज्वर, कास-श्वास, वमन, अजीर्ण, तीव्र वात-विकार, डब्बा, धनुर्वात आदि बच्चों के सभी रोगों में परम उपकारी है।

वैद्यनाथ चन्द्रशेखर रस (गोरोचन-युक्त)—उपर्युक्त गुण गोरोचन-युक्त होने के कारण इसमें विशेष हैं।

वैद्यनाथ चन्द्रांशु रस—आयुर्वेद-शास्त्र में इसके अनेक गुण वर्णित हैं। यह स्त्रियों के लिए बहुत लाभदायक है। चिकित्सक की राय से इसका व्यवहार करना चाहिए।

वैद्यनाथ चन्द्रामृत रस—खाँसी (कास) में उपयोगी है। जुकाम और गले की खराबी से होनेवाली खाँसी में मिश्री के साथ चूसने से यह शीघ्र फायदा करता है।

वैद्यनाथ चिन्तामणि चतुर्मुख रस (सुवर्ण-युक्त)—चतुर्मुख रस की अपेक्षा यह विशेष लाभदायक है। शारीरिक क्षीणता, मानसिक दुर्बलता आदि में तुरत लाभ करता है।

वैद्यनाथ चिन्तामणि रस (सुवर्ण-मोती-अम्बर-युक्त)—यह मानसिक दुर्बलता को दूर कर रक्त-संचार को नियमित करता है। अनिद्रा, घबराहट, भ्रम आदि को दूर करने में उपयोगी है।

वैद्यनाथ जयमंगल रस (सुवर्ण-युक्त)—जीर्णज्वर और कठिन बुखारों की अत्यन्त प्रसिद्ध महौषधि है। रोग-मुक्ति के उपरान्त की कमजोरी को यह जल्द दूर करता है।

वैद्यनाथ जलोदरारि रस—यह दवा जलोदर-रोग में संचित जल को सुखाती तथा बाहर निकालती और फिर पेट में जल-संचय नहीं होने देती है। यह रेचक भी है।

वैद्यनाथ ज्वरमुरारि रस—ज्वर में अजीर्ण, अपच और दस्त की कब्जियत होने पर इस दवा के उपयोग से उत्तम विरेचन होकर ज्वर उतर जाता है।

वैद्यनाथ ज्वरसंहार रस—वात-कफ-प्रधान ज्वरों में इसका विशेष उपयोग होता है।

वैद्यनाथ ज्वरशूलहर रस—यह एन्फ्लुएंजा, मलेरिया, एकतरा, तिजारी चौथिया आदि विभिन्न प्रकार के बुखारों में लाभदायक है।

वैद्यनाथ ज्वरांकुश रस—मलेरिया बुखार की अत्यन्त प्रसिद्ध दवा है। वात और कफ के बुखार में यह प्रयुक्त होता है। सर्दी, जुकाम और इन्फ्लुएंजा में भी शीघ्र गुण दिखाता है।

वैद्यनाथ ज्वरारिअभ्र—पुराना ज्वर, धातुगत ज्वर और विषम ज्वर में लाभदायक है।

बैद्यनाथ तारकेश्वर रस—बार-बार पेशाब लगने अथवा पेशाब के साथ विभिन्न दूषित-गंदले पदार्थों के निकलने की अवस्था में रसरक्त धातुओं को बढ़ाकर शरीर को पुष्ट करता है।

बैद्यनाथ तालकेश्वर रस—कुछ दिन नियमित पथ्यपूर्वक इस दवा के सेवन से रक्त-विकार, खाज-खुजली आदि कठिन-से-कठिन चर्म-रोग और रक्त-रोग दूर होते हैं।

बैद्यनाथ त्रिभुवनकीर्ति रस—सर्दी, जुकाम, इन्फ्लुएँजा आदि की प्रचलित औषध है।

बैद्यनाथ त्रैलोक्य चिन्तामणि रस (सुवर्ण-मोती-युक्त)—नये-पुराने सब प्रकार के वात-रोगों में लाभदायक है। इससे अंगों का जकड़ना और उनमें आई हुई अशक्तता दूर होती है।

बैद्यनाथ दन्तोद्भेदगदान्तक रस—बच्चों के दाँत निकलने के समय हरे-पीले और पतले दस्त, उल्टी, अपच, ज्वर आदि की शिकायतें होती हैं, जिनमें यह बहुत फायदेमन्द है।

बैद्यनाथ नष्टपुष्पान्तक रस—स्त्रियों के लिए उपयोगी है। विशेष जानकारी वैद्यों से लें।

बैद्यनाथ नागार्जुनाभ्र रस—अनिद्रा, भ्रम, हृदय-दौर्बल्य आदि में उपयोगी है।

बैद्यनाथ नाराच रस—यह तीव्र विरेचन है। गुल्म, कब्जियत, प्लीहा, यकृत्-वृद्धि आदि उदर-रोगों में इसके व्यवहार से पेट साफ रहता है और रोगी को तुरत आराम पहुँचता है।

बैद्यनाथ नित्यानन्द रस—यह श्लीपद (फीलपाँव) की शास्त्रोक्त दवा है। कफ और वातजनित शोथ-रोगों में इसका व्यवहार होता है।

बैद्यनाथ नृपतिवल्लभ रस—मन्दाग्नि से पैदा होनेवाले रोगों में बहुत उपयोगी है। दुर्बल ग्रहणी-कला को यह जल्द ठीक करता है।

बैद्यनाथ पंचवक्त्र रस—वात-कफ-प्रधान ज्वर, जीर्ण-ज्वर, सन्निपात-ज्वर, इन्फ्लुएंजा, सर्वाङ्ग में दर्द, तन्द्रा, आलस्य आदि रोगों में इससे लाभ होता है।

बैद्यनाथ पाशुपत रस—मन्दाग्नि, शूल, संग्रहणी आदि को दूर कर अग्नि दीप्त करता है।

बैद्यनाथ पाण्डुपंचानन रस—पाण्डु, कामला, यकृत् तथा प्लीहा-वृद्धि में लाभदायक है।

बैद्यनाथ पीयूषवल्ली रस—संग्रहणी, अतिसार आदि विकारों में गुणकारी है।

बैद्यनाथ पुष्पधन्वा रस—स्त्रियों के लिए उपकारी है। जानकारी वैद्य से प्राप्त करें।

बैद्यनाथ पूर्णचन्द्र रस—इसके सेवन से शरीर पुष्ट और स्नायु-मण्डल मजबूत होते हैं।

बैद्यनाथ पूर्णचन्द्र रस बृहत् (सुवर्ण-युक्त)—असंयम के कारण होनेवाले रोगों में जब किसी दवा से लाभ नहीं हो, तो इसके प्रयोग से शीघ्र लाभ होता है। यह बहुत ही पौष्टिक है।

बैद्यनाथ प्रतापलंकेश्वर रस—प्रसव के बाद होनेवाली खाँसी, प्रसूत ज्वर, अतिसार, वायु-विकार, मन्दाग्नि आदि की बहुत अच्छी दवा है।

बैद्यनाथ प्रदरान्तक रस—चिकित्सक की सलाह से इसका प्रयोग करना चाहिए।

बैद्यनाथ प्रदररिपु रस—स्त्रियोपयोगी है। विशेष जानकारी चिकित्सक से लें।

बैद्यनाथ प्रवाल पंचामृत (मोती-युक्त)—इससे उदररोग, अम्ल-पित्त, गुल्म, यकृत्, प्लीहा-वृद्धि, अश्मरी, अजीर्ण, श्वास आदि रोग दूर होते हैं। पित्तशामक और रक्तवर्द्धक है।

बैद्यनाथ बंगेश्वर रस—इससे बल-पौरुष की वृद्धि होती है और असंयम-जनित विकार दूर होते हैं। शारीरिक कान्ति की वृद्धि के लिए सुप्रसिद्ध महौषधि है।

बैद्यनाथ बंगेश्वर रस बृहत् (सुवर्ण-मोती-युक्त)—इसके सेवन से नई-पुरानी सभी तरह की दुर्बलता दूर होती है। परम पौष्टिक और ओजवर्द्धक रसायन है।

बैद्यनाथ बसन्तकुसुमाकर रस (सुवर्ण-मोती-कस्तूरी-युक्त)—आयुर्वेद का यह सर्वश्रेष्ठ रसायन, सोना, मोती, अभ्रक, कस्तूरी आदि कीमती उपादानों से तैयार होता है और इसके उपयोग से कठिन-से-कठिन रोगों को भी दूर किया जाता है। यह हृदय तथा मस्तिष्क को स्वस्थ तथा बलवान बनाता है। रस-रक्तादि सप्त धातुओं को बढ़ाकर शरीर को पुष्ट और नीरोग रखता है। श्वास, अम्लपित्त, दुर्बलता आदि को मिटाकर जीर्ण-शीर्ण शरीर को नवीन शक्ति प्रदान करने में यह अत्युत्तम है।

बैद्यनाथ मधु बसन्तकुसुमाकर—गुण-धर्म बसन्तकुसुमाकर के समान ही है। बिना झंझट, इसे आसानी से तुरन्त लिया जा सकता है।

बैद्यनाथ बसन्ततिलक रस (सुवर्ण-मोती-युक्त)—गुण-धर्म की जानकारी वैद्य से प्राप्त करें।

बैद्यनाथ बसन्तमालती रस (सुवर्ण-मोती-युक्त)—पुराने बुखार-खाँसी, शारीरिक क्षीणता, दमा, मन्दाग्नि, कमजोरी आदि में बहुत ही फायदेमन्द है।

बैद्यनाथ बहुमूत्रांतक रस—गुण-धर्म की जानकारी के लिए वैद्य से परामर्श करें।

बैद्यनाथ बालरोगान्तक रस—इससे बच्चों को सब तरह के आमदोष, दस्त, खाँसी, सर्दी, जुकाम, पसली चलना तथा दाँत निकलने के समय के उपद्रव दूर होते हैं।

बैद्यनाथ बालार्क रस—यह बालकों के वात और कफ के विकार तथा पतले दस्त, उल्टी, ज्वर, कृमि-विकार आदि में बहुत फायदेमन्द है।

बैद्यनाथ बालार्क रस (केशर-गोरोचन-युक्त)—गुण उपर्युक्त के समान है। केशर-गोरोचन-युक्त होने के कारण जल्द लाभ पहुँचाता है।

बैद्यनाथ बोलबद्ध रस—बवासीर, खाँसी, दस्त आदि किसी भी रोग में, शरीर के किसी भी भाग से खून क्यों न आता हो, यह दवा उसमें लाभकारी है।

बैद्यनाथ भुवनेश्वर रस—सब प्रकार के आँव, पेचिश, अतिसार, संग्रहणी में लाभकारी है।

बैद्यनाथ मकरध्वज गुटिका (सुवर्ण-कस्तूरी-युक्त)—इसके सेवन से शरीर का वजन बढ़ता है। सुनिद्रा और मानसिक बल प्राप्त होता है। यह शारीरिक शक्ति-वृद्धि के लिए विशेष उपयोगी रसायन है।

बैद्यनाथ मधुमालिनी बसन्त—विषम ज्वर, जीर्णज्वर, खाँसी एवं वायु-विकार को दूर कर अग्नि एवं बल को बढ़ाता है। गर्भ-पोषक तथा पुष्टिकारक है।

बैद्यनाथ मन्मथ रस—यह शरीर की दुर्बलता नष्ट कर बल-विक्रम को बढ़ाता है।

बैद्यनाथ महागन्धक रस—इसके व्यवहार से अतिसार, पतले दस्त, संग्रहणी, बच्चों के हरे-पीले दस्त आदि रोग अच्छे होते हैं। यह पुराने आँव की अनुभूत दवा है।

बैद्यनाथ महाज्वरांकुश रस—विषम ज्वर, पारी से आनेवाला ज्वर, जीर्णज्वर आदि में प्रयोग करने पर बुखार जल्द उतरता है।

बैद्यनाथ महामृत्युञ्जय रस—कफ-प्रधान एवं कीटाणु-जनित मलेरिया में इसका प्रयोग होता है। इससे मल-मूत्रावरोध दूर होता और पसीना आकर बुखार उतर जाता है।

बैद्यनाथ महालक्ष्मीविलास रस (सुवर्ण-युक्त)—फेफड़े की दुर्बलता, बार-बार होने-वाली सर्दी, जुकाम, नजला, न्यूमोनिया, इन्फ्लुएंजा और मियादी बुखार में लाभदायक हैं।

बैद्यनाथ महावात-विध्वंसन रस—कठिन वात-रोगों, अंगों में आई हुई अशक्तता, ग्रन्थिक-सन्निपात (प्लेग), आमवात आदि रोगों की सफल महौषधि है।

बैद्यनाथ महामृगांक रस (सुवर्ण-मोती-युक्त)—पुराने बुखार-खाँसी की प्रसिद्ध महौषधि है। श्वास-यंत्रों की विकृति को दूर कर उनकी क्रिया को नियमित करता है।

बैद्यनाथ मुक्तापंचामृत रस (मोती-युक्त)—यह कास-श्वास, पुराने बुखार, फेफड़े की कमजोरी और क्षीणताजन्य उपद्रवों में गुणकारी है। इससे शरीर को उत्तम कैल्शियम प्राप्त होता है।

बैद्यनाथ मृगांक रस (सुवर्ण-मोती-युक्त)—यह पुराने खाँसी-बुखार, कफयुक्त खाँसी, रक्त-मिश्रित खाँसी, रक्त-पित्त आदि कठिन रोगों में विशेष लाभकारी है।

बैद्यनाथ मृत्युञ्जय रस—तेज-से-तेज बुखार को पसीना लाकर शीघ्रातिशीघ्र उतारता है।

बैद्यनाथ योगेन्द्र रस (सुवर्ण-मोती-युक्त)—यह पुराने और जटिल रोगों की श्रेष्ठ दवा है। वायु-विकृति के कारण अनिद्रा, बेचैनी, अंगों की अशक्तता, घबराहट आदि उपद्रव उठ खड़े होते हैं, इस अवस्था में इस रस के उपयोग से बड़ा लाभ होता है।

बैद्यनाथ याकूती (सुवर्ण-मोती-केशर-कस्तूरी-अम्बर-युक्त)—नाड़ी-क्षीणता, शरीर का ठण्डा पड़ जाना, पसीना आना, दम उभड़ जाना आदि में यह शीघ्र लाभ करता है। यह दुर्बलता-नाशक और पुष्टिकारक है।

बैद्यनाथ रत्नगर्भपोट्टली (सुवर्ण-मोती-युक्त)—स्वर्ण, हीरा, मोती आदि बहुमूल्य द्रव्यों से बननवाला यह रस पुराने बुखार तथा खाँसी, श्वास आदि भयंकर रोगों का नाश करता है। यह बल-वर्धक रसायन है।

बैद्यनाथ रत्नगिरी रस (सुवर्ण-युक्त)—यह रस सब प्रकार के नवीन और जीर्णज्वर, खाँसी, श्वास, दुर्बलता, रक्त-पित्त और अम्लपित्त की अत्यन्त प्रसिद्ध दवा है।

बैद्यनाथ रसपीपरी—बालरोगों की प्रसिद्ध दवा है। यह बालकों के ज्वर, खाँसी, जुकाम, उल्टी, पतले दस्त एवं दाँत उठने की तकलीफ को दूर कर माँ की तरह उनकी रक्षा करती है।

बैद्यनाथ रसपीपरी (कस्तूरी-युक्त)—उपरोक्त से विशेष गुणकारी है।

बैद्यनाथ रसमाणिक्य—यह सब प्रकार के रक्त-विकार एवं चर्म-रोग को नाश करने में प्रसिद्ध है। किसी भी तरह के रक्त-विकार में यह बहुत ही अधिक फायदा करता है।

बैद्यनाथ रसराज रस (सुवर्ण-युक्त)—वात-विकार, विशेषतः शारीरिक अंगों की अशक्तता, आक्षेपक, कानों में आवाज होने आदि पर इसका उपयोग किया जाता है।

बैद्यनाथ रसादि रस—ज्वर की गर्मी विशेष बढ़ जाने से प्यास, दाह, चक्कर, वमन आदि दोष जब उत्पन्न होते हैं, तब इसका प्रयोग किया जाता है। यह पित्त-शामक है।

बैद्यनाथ राजमृगांक रस (सुवर्ण-युक्त)—नई-पुरानी खाँसी, क्षीणता, रक्तपित्त, श्वास, कास आदि में इससे विशेष लाभ होता है। यह शारीरिक और मानसिक बल प्रदान करता है।

बैद्यनाथ रामबाण रस—यह बदहजमी और मन्दाग्निमूलक रोगों की अच्छी औषधि है।

बैद्यनाथ लघुमालिनीबसन्त रस—इसमें सुवर्ण-मालिनीवसन्त के गुण अल्प मात्रा में हैं।

बैद्यनाथ लक्ष्मीनारायण रस—बालकों का कमेड़ा, दस्त तथा तीव्र ज्वर की श्रेष्ठ दवा हैं।

बैद्यनाथ लक्ष्मीविलास रस (रसेन्द्र०कास)—सर्दी, खाँसी, श्वास, जुकाम आदि में विशेष लाभकारी हैं। इन्फ्लुएंजा में शीघ्र और स्थायी लाभ करता है।

बैद्यनाथ लक्ष्मीविलास रस (नारदीय)—निमोनिया और मियादी बुखार में इसके प्रयोग से ज्वर पाचन होकर मियाद के अनुसार उतर जाता है। इससे सर्दी, जुकाम, हरारत, इन्फ्लुएंजा आदि में भी बहुत फायदा होता है।

बैद्यनाथ लीलाविलास रस—यह प्यास, बमन, शूल, हृदय की जलन, नेत्र-दाह और अम्लपित्त की उत्तम दवा है। इससे यकृत् की क्रिया ठीक होती है।

बैद्यनाथ लोकनाथ रस—पुराने खाँसी-बुखार, अतिसार, संग्रहणी आदि में लाभदायक है।

बैद्यनाथ लोकनाथ रस बृहत्—यकृत् और तिल्ली के विकारों को नष्ट करने में उपयोगी है। कफ-प्रधान रोगों में कफ-शोषण के लिए भी इसका व्यवहार किया जाता है।

बैद्यनाथ लौह रसायन—यह पाण्डु, मन्दाग्नि, श्वास, कास, वात-कफजन्य रोग, संग्रहणी, बवासीर आदि को नष्ट करता है तथा शरीर को हृष्ट-पुष्ट बनाता है।

बैद्यनाथ वातकुलान्तक रस (कस्तूरी-युक्त)—सभी प्रकार के वातरोगों की श्रेष्ठ दवा है।

बैद्यनाथ वातचिन्तामणि रस बृहत् (सुवर्ण-मोती-युक्त)—यह कठिन वातरोगों और सर्वांग वेदना आदि की प्रसिद्ध शास्त्रीय महौषधि है। हृदय और मस्तिष्क को बल प्रदान करता है।

बैद्यनाथ वातगजांकुश रस—कठिन वात-विकारों में यह बहुत गुणदायक है। वात-विकार के साथ ही यह बढ़े हुए मेद को भी कम करता है।

बैद्यनाथ वातविध्वंसन रस—इसके सेवन से शीतांग सन्निपात, वायु और कफ के विकार, सर्दी लग जाने से होनेवाले कष्ट तथा शूल, श्वास, कास आदि रोग दूर होते हैं।

बैद्यनाथ वातारि रस—सभी प्रकार के वात-विकारों में इसका उपयोग किया जाता है।

बैद्यनाथ विद्याधराभ्र रस—इसके सेवन से परिणामशूल (भोजन के बाद होनेवाला दर्द), पेट का साधारण दर्द, पुरानी मन्दाग्नि, अम्लपित्त, संग्रहणी आदि रोग दूर होते हैं।

बैद्यनाथ शक्रवल्लभ रस (सुवर्ण-युक्त)—पौष्टिक रसायन है। शारीरिक क्षीणता, दुर्बलता आदि में स्थायी लाभ करता है। जाड़े के दिनों में यह विशेष सेवनीय है।

बैद्यनाथ शशिशेखर रस—अन्त्रवृद्धि की महौषधि है। विशेष जानकारी वैद्य से प्राप्त करें।

बैद्यनाथ शंखोदर रस—यह अतिसार, आमातिसार (दस्तों के साथ आँव आने में) तथा आमजनित शूल में बहुत फायदा करता है। यह दवा ग्राही है।

बैद्यनाथ शिरःशूलादिवज्र रस—सब प्रकार के सिर-दर्द की निर्दोष और लाभकारी दवा है। किसी भी कारण से सिर-दर्द होता हो और किसी दवा से लाभ नहीं होता हो, तो इसका प्रयोग करना चाहिए।

बैद्यनाथ शीतपित्त-भंजन रस—शीतपित्त, उदर्द तथा पित्तविकारों में लाभदायक है।

बैद्यनाथ शीतभंजी रस—इसके सेवन से जाड़ा देकर आनेवाला तथा एकतरा, तिजारी आदि पारी का मलेरिया बुखार शीघ्र दूर हो जाता है। यह दवा दस्तावर है।

बैद्यनाथ शूलकुठार रस—अजीर्ण अथवा अन्य वायुजनित पेट-दर्द की यह उत्तम दवा है।

बैद्यनाथ शूलगजकेशरी रस—उदर-शूल अनेक तरह के होते है, यह दवा सभी में गुणकारी है। पेट-दर्द के रोगी इससे फायदा उठावें।

बैद्यनाथ शृंगाराभ्र रस—सूखी और कफयुक्त खाँसी, दोनों में यह समान गुणकारी है।

बैद्यनाथ श्वासकुठार रस—यह दवा खाने और सूंघने, दोनों कामों में आती है। खाँसी-श्वास में खाने से तत्काल लाभ होता है। श्वास, दमा में सभी वैद्यों द्वारा इसका सफल प्रयोग होता है।

बैद्यनाथ श्वासचिन्तामणि रस बृहत् (सुवर्ण-मोती-युक्त)—पुराने और कठिन श्वास रोगों म उत्तम लाभदायक है। इन्जेक्शन से हताश रोगी भी इससे आराम पाते हैं।

बैद्यनाथ श्लेष्मकालानल रस—कफाधिक्य से उत्पन्न रोगों की उत्तम दवा है।

बैद्यनाथ सन्निपातभैरव रस—ज्वर और सन्निपात के तीव्र विकारों में लाभदायक है।

बैद्यनाथ सर्वाङ्गसुन्दर रस—यक्ष्माधिकार (सुवर्ण-मोती-युक्त)—सब प्रकार के पुराने खाँसी-युक्त ज्वर, सन्निपात ज्वर, संग्रहणी आदि रोगों को दूर कर फेफड़ों को बल देता है।

बैद्यनाथ स्मृतिसागर रस—स्मरण-शक्ति को बढ़ाता है।

बैद्यनाथ सिद्धप्राणेश्वर रस—ज्वरातिसार में इस रस के सेवन से विशेष फायदा होता है।

बैद्यनाथ सुधानिधि रस (शोथ)—सब प्रकार के शोथ-रोगों के लिए अति उपयोगी औषधि है। इसके सेवन-काल में पुनर्नवादि तैल की मालिश बहुत लाभदायक है।

बैद्यनाथ सुवर्णभूपति रस (सुवर्ण-युक्त)—यह आमवात, उरुस्तम्भ, कम्पवात, कमर का दर्द, गुल्म, संग्रहणी, उदर-रोग, पथरी, कब्ज, विष-विकार आदि रोगों में उपयोगी है।

बैद्यनाथ सुवणमालिनीबसन्त बहत् (सुवर्ण-मोती-केशर-कस्तूरी-युक्त)—ज्वर-युक्त पुरानी खाँसी, शारीरिक क्षीणता, श्वास आदि में विशेष लाभदायक और पुष्टिकारक है।

बैद्यनाथ सुवणमालिनीबसन्त लघु (सुवर्ण-मोती-युक्त)—उपर्युक्त रस का यह लघु रूप है, साधरण तौर पर ऊपर वर्णित सभी रोगों में उपयोगी है।

बैद्यनाथ सूतशेखर रस नं० १ ( )—अम्लपित्त की प्रसिद्ध महौषधि है। खट्टा वमन, गले की जलन, भ्रम, मन्दाग्नि, पतला दस्त आदि में बहुत उपयोगी है।

बैद्यनाथ सूतशेखर रस—इसमें नं० १ के गण अल्प मात्रा में हैं। उपर्युक्त रोगों की प्रारम्भिक अवस्था में इसका उपयोग करना चाहिए।

बैद्यनाथ सूतकारि रस—स्त्रियों के बच्चा होने के बाद की खाँसी, प्यास की अधिकता, अरुचि, शोथ आदि विकार इससे दूर होते हैं।

बैद्यनाथ सूतिकाविनोद रस बृहत्—बच्चा होने के बाद स्त्रियों को इसका सेवन करना चाहिए। इससे प्रसूत ज्वर, शूल, विष्टम्भ और अजीर्ण आदि में बहुत लाभ होता है।

बैद्यनाथ सूतिकाभरण रस (सुवर्ण-युक्त)—गुण-धर्म ऊपर के समान है।

बैद्यनाथ सोमनाथ रस—बार-बार दुर्गन्ध-रहित निर्मल पेशाब आने पर उपयोगी है।

बैद्यनाथ सोमनाथ रस वृहत् (सुवर्ण-युक्त)—यह स्त्रियों के लिए विशेष गुणकारी है। विशेष जानकारी के लिए वैद्य से परामर्श लें।

बैद्यनाथ सोमेश्वर रस—बहुमूत्र आदि की लाभकारी दवा है।

बैद्यनाथ हृदयार्णव रस—हृदय को बलवान बनानेवाली उत्तम दवा है। गुण-धर्म की विशाष जानकारी के लिए वैद्य से परामर्श लें।

बैद्यनाथ हिंगुलेश्वर रस—यह वात-ज्वर और नये ज्वर में उपयोगी है। तीव्र ज्वर, देह-दर्द तथा जोड़ों के कठिन वेदनायुक्त आम-वात में भी इससे लाभ होता है।

बैद्यनाथ हेमगर्भ पोट्टली (सुवर्ण-मोती-युक्त)—यह रसायन, दीपन, त्रिदोषनाशक तथा अग्निवर्द्धक है। इसके सेवन से पुराने खाँसी-बुखार, शारीरिक क्षीणता, संग्रहणी आदि कठिन रोग अच्छे होते हैं।

बैद्यनाथ हेमनाथ रस (सुवर्ण-युक्त)—बहुमूत्र में शीघ्र लाभ करता है। वृक्क और स्नायुमंडल की दुर्बलता को दूर करने में मुफीद है।

बैद्यनाथ हेमाभ्रक सिन्दूर (सुवर्ण-युक्त)—ज्वरयुक्त कास और पाण्डुरोग-नाशक पौष्टिक रसायन है। इससे मानसिक दुर्बलता मिटती है और कान्ति बढ़ती है।



शोधित द्रव्य

शास्त्रीय पद्धति द्वारा शोधित ये द्रव्य हम अपने काम के लिए तैयार करके रखते हैं और उन्हीं में से बिक्री भी की जाती है।

बैद्यनाथ शोधित शिलाजीत—यह पौष्टिक और बलदायक उत्तम दवा है।

शोधित कज्जली
" (षड्गुण पारद)
" गन्धक
" पारद

शोधित पारद षड्गुणबलि०
" मन:शिला
" हरिताल तबकिया
" हिंगुल

Baidyanath बैद्यनाथ

लौह मण्डूर

शरीर में रक्त की कमी को पूरा करनेवाले द्रव्यों में लौह और मण्डूर प्रधान हैं। आयुर्वेदीय औषधियों में इसलिए लौह-मिश्रित दवाओं को बड़ा महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। उचित मात्रा में इसके सेवन से बहुत लाभ होता है। लौह के मल को ही मण्डूर कहते हैं। अतएव, लोहे का गुण तो इसमें रहता ही है, किन्तु लौह से यह अधिक सौम्य होता है। दवाओं के निर्माण में कम-से-कम सौ वर्ष पुराना मण्डूर ही प्रयुक्त करना चाहिए। कहना नहीं होगा कि बैद्यनाथ औषधियों में सौ वर्ष से भी अधिक पुराना मण्डूर ही प्रयुक्त होता है।

बैद्यनाथ अम्लपित्तान्तक लौह—अम्लपित्त (Acidity), पित्तजन्य शूल, यकृत्-शूल, पेशाब की जलन और पेट-दर्द में लाभदायक है। पित्त-विकार को यह जल्द दूर करता है।

बैद्यनाथ कार्श्यहर लौह—शरीर को मोटा-ताजा करने के लिए यह प्रयुक्त होता है।

बैद्यनाथ कालमेघनवायस—जीर्णज्वर, विषमज्वर और मलेरिया ज्वर के बाद की कमजोरी, पाण्डु और यकृत्-वृद्धि को दूर करनेवाली यह उत्तम दवा है।

बैद्यनाथ चन्दनादि लौह—जिन्हें हल्का-हल्का ज्वर रहता हो, उन्हें इसका उपयोग करना चाहिए। शिरोवेदना, प्रदाह, नेत्रदाह, मन्दज्वर तथा जीर्णज्वर की उत्तम दवा है।

बैद्यनाथ चन्द्रामृत लौह—खाँसी, सूखी हो या कफ-युक्त दोनों में गुणकारी है।

बैद्यनाथ तारा मण्डूर—भोजन पचने के समय के भयंकर दर्द, पाण्डु, कामला, मन्दाग्नि शोथ, संग्रहणी, गुल्म आदि रोग इसके सेवन से दूर होते हैं। परिणामशूल में भी लाभदायक है।

बैद्यनाथ ताप्यादि लौह नं० १—पाण्डु, रक्ताल्पता, विषम-ज्वर, मलावरोध, शोथ, कृमि-विकार, त्वचा के रोग एवं शारीरिक दुर्बलता आदि में अति गुणकारी है।

बैद्यनाथ ताप्यादि लौह (रौप्यमाक्षिक-युक्त)—उपर्युक्त नं० १ से किंचित् न्यून गुण-युक्त है।

बैद्यनाथ त्रिफला मण्डूर—इससे पाण्डु, कामला, कब्जियत आदि पेट के रोग दूर होते हैं।

बैद्यनाथ धात्री लौह—भोजन पचने के समय जब अधिक खटाई बनने लगती है, तो शरीर में अनेक विकार उत्पन्न हो जाते हैं, जिसे अम्लपित्त कहते हैं। अम्लपित्त की यह बहुत अच्छी दवा है।

बैद्यनाथ नवायस लौह—रक्ताल्पता (Anaemia) की दवा है। यकृत् और बाल-रोगों म विशप लाभदायक है। शरीर में खून बढ़ाने के लिए यह सुप्रसिद्ध है।

बैद्यनाथ नवायस मण्डूर—खून को बढ़ाकर यह शरीर में रक्त की कमी को दूर करता है।

बैद्यनाथ प्रदरान्तक लौह—यह स्त्रियों के लिए उपयोगी है। गुण-धर्म वैद्य से पूछें।

बैद्यनाथ प्रदरारि लौह—स्त्रियोपयोगी है। विशेष जानकारी वैद्य से प्राप्त करें।

बैद्यनाथ पिप्पल्यादि लौह—खाँसी, श्वास, हिक्का, प्यास आदि में उपयोगी है।

बैद्यनाथ पुनर्नवादि मण्डूर—शोथ-रोग (शरीर-सूजन) में यह बहुत गुणकारी है।

बैद्यनाथ मण्डूर वटक—कामला, पाण्डु, शोथ और उदर-विकारों में लाभदायक है।

बैद्यनाथ मेदोहर विडङ्गादि लौह—चर्बी और मेद के बढ़ने से ही मनुष्य मोटा होता है, जो एक रोग है। मेद को कम करने के लिए यह बहुत अच्छी औषधि है।

बैद्यनाथ यकृत्प्लीहारि लौह—जिगर और तिल्ली के विकारों की गुणकारी दवा है।

बैद्यनाथ यकृदरि लौह—जिगर (Liver) के विकारों में विशेष लाभदायक है।

बैद्यनाथ रक्तपित्तान्तक लौह—यह रक्त की गर्मी को शान्त करता है। मुख, गुदा, नाक आदि से बहनेवाले रक्त को रोकता है और कमजोरी दूर कर शरीर में ताकत बढ़ाता है।

बैद्यनाथ रोहितक लौह—बढ़ी हुई तिल्ली, लीवर, पाण्डु-रोग, शोथ और जीर्णज्वर में अच्छा फायदा करता है। इसके सेवन से शरीर में नया खून पैदा होता है।

बैद्यनाथ विडङ्गादि लौह—पेट की कृमि, अरुचि और मन्दाग्नि की बहुत अच्छी दवा है।

बैद्यनाथ विषमज्वरान्तक लौह पुटपक्व (सुवर्ण-मोती-युक्त)—ज्वरमात्र की यह अच्छी औषधि है। मलेरिया, कालाज्वर आदि में यह विशेष लाभदायक सिद्ध होता है।

बैद्यनाथ विषमज्वरान्तक लौह—विषम ज्वर की शास्त्रीय दवा है। इसके सिवा प्लीहा, गुल्म आदि रोगों में भी उपयोगी है। यह अग्नि को खूब दीप्त करता है।

बैद्यनाथ शिलाजत्वादि लौह—यह रक्तक्षय, खून की कमी, जीर्णज्वर, पाण्डु प्रभृति रोगों को दूर कर शरीर में नया शुद्ध रक्त उत्पन्न करता है।

बैद्यनाथ शोथारि लौह—शरीर के किसी भी भाग में सूजन होने पर इससे लाभ होता है। यह दीपन, पाचन, कफ-नाशक और रक्त-वर्द्धक है।

बैद्यनाथ शोथारि मण्डूर—शोथ-रोग में सभी वैद्यों द्वारा यह व्यवहृत होता है।

बैद्यनाथ सप्तामृत लौह—आँखों के लिए परम उपयोगी है। इसके सेवन से दृष्टि-शक्ति बढ़ती है और आँखों की लाली, खाज आदि विकार दूर होते हैं।

बैद्यनाथ सर्वज्वरहर लौह बृहत् (सुवर्ण-युक्त)—यह सब प्रकार के ज्वरों में उपयोगी है। खास करके जीर्णज्वर और रक्ताल्पता नें बहुत फायदेमन्द है।

बैद्यनाथ सर्वज्वरहर लौह—गुण-बृहत् से कुछ न्यून है। सुवर्ण-रहित होने के कारण कुछ देर से लाभ पहुँचाता है।



बटी गोलियाँ

स्वादिष्ट और हाजमा करनेवाली गोलियाँ भोजन के बाद और रोगनाशक बटी सुबह-शाम मधु या गर्म जल आदि रोगानुकूल अनुपान के साथ १ से २ गोली तक लेनी चाहिए। जिन बटियों में कुचला या अफीम के योग हैं, उनकी खुराक १ गोली से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। पाचक बटी अनुपान के बिना भी चूसकर खाई जाती है।

बैद्यनाथ अग्नितुण्डी बटी—हाजमे के लिए प्रसिद्ध है। इसमें कुचला का मिश्रण है। पेट की वायु को जल्द शमन करती है। दीपन और पाचन है।

बैद्यनाथ अग्निवर्धक बटी—यह अत्यन्त स्वादिष्ट और पाचक बटी है। इसकी एक दो गोली खाते ही मुँह का जायका ठीक हो जाता है और भूख बढ़ जाती है।

बैद्यनाथ अपतन्त्रकारि बटी—अपतन्त्रक आदि कठिन-से-कठिन वात-रोगों में व्यवहृत होनेवाली यह एक विशेष फलप्रद महौषधि है।

बैद्यनाथ अर्शोघ्नी बटी—खूनी और वादी बवासीर की बड़ी उपयोगी महौषधि है। बवासीर के बढ़े हुए मस्से इसके सेवन से सूख जाते हैं। खून को तुरन्त बन्द करती है :

बैद्यनाथ एलादि बटी—सूखी खाँसी, पुरानी खाँसी, रक्तपित्त (मुँह से खून गिरना), बुखार, वमन, जी की घबराहट, स्वरभंग आदि में इससे बहुत और जल्द फायदा होता है।

बैद्यनाथ कर्पूरादि बटिका—मुँह में छाले पड़ना या बदबू आना, दाँतों से पीब निकलना, मसूढ़े फूल जाना तथा अन्य मुख-रोगों में यह बटिका बहुत फायदेमन्द है।

बैद्यनाथ कांकायन बटी (गुल्म)—गुल्म आदि रोगों में अत्यन्त लाभकारी है।

बैद्यनाथ कांकायन बटी (बवासीर)—खूनी और बादी, दोनों तरह के बवासीर में लाभदायक हैं। इससे ववासीर के मस्से जल्द सूख जाते हैं।

बैद्यनाथ कुटजघन बटी—ज्वर-युक्त अतिसार और संग्रहणी में इससे लाभ होता है। आँव, मरोड़ (Disentery) की प्रसिद्ध दवा है। खूनी बवासीर में भी गुणकारी है।

बैद्यनाथ कृमिघातिनी बटी—पेट में होनेवाले कृमि (कीड़ों) की अति लाभदायक दवा है।

बैद्यनाथ खदिरादि बटी—स्वरभंग, खाँसी और मुँह में छाले पड़ जाने पर या ओठों के विकार में इस गोली को चूसने से बहुत आराम मिलता है।

बैद्यनाथ चन्द्रकला बटी (केशर-युक्त)—मूत्राशय के विकार में इससे बहुत लाभ होता है।

बैद्यनाथ चन्दनादि बटी—जलन को दूर कर पेशाब खुलासा लाती और आराम देती है।

बैद्यनाथ चन्द्रप्रभा बटी—यह लौह, स्वर्णमाक्षिक भस्म एवं शिलाजीत-युक्त होने के कारण एलब्यूमिन आदि सभी प्रकार के विकारों को दूर करती है। स्त्री-पुरुष दोनों के लिए यह समान उपयोगी है। शरीर-पोषण की इसमें बड़ी शक्ति है।

बैद्यनाथ चन्द्रप्रभा बटी (लौह-शिलाजीत-रहित)—गुण-धर्म ऊपर के समान है।

बैद्यनाथ चित्रकादि बटी—अरुचि, आँव, पेचिश, संग्रहणी आदि रोगों को दूर करती है।

बैद्यनाथ जातिफलादि बटी (संग्रहणी)—यह अतिसार, संग्रहणी के दस्तों में खून और आँव आने पर बहुत गुणकारी है।

बैद्यनाथ जातिफलादि बटी (स्तम्भक)—गुण-धर्म के विषय में वैद्य से परामर्श करें।

बैद्यनाथ दुग्ध बटी (शोथ)—सूजन, मन्दाग्नि और पाण्डु-रोगों में इससे लाभ होता है।

बैद्यनाथ दुग्ध बटी (संग्रहणी)—यह स्तम्भक, ग्राही, आमपाचक तथा शोथघ्न दवा है। इससे प्रवाहिका, अतिसार तथा संग्रहणी में बहुत और जल्द लाभ होता है।

बैद्यनाथ पंचतिक्तघन बटी—यह मलेरिया की अच्छी आयुर्वेदीय दवा है। कुनाइन के सेवन से होनेवाली बाद की खराबी इस दवा में नहीं होती।

बैद्यनाथ प्रभाकर बटी—वातवाहिनियों की विकृति, रक्ताल्पता आदि को दूर करती है।

बैद्यनाथ प्राणदा गुटिका—वादी और खूनी किसी भी तरह के बवासीर के लिए महौषधि है।

बैद्यनाथ प्लीहारि बटी—तिल्ली (प्लीहा) की उत्कृष्ट दवा है। इसके सेवन से बढ़ी हुई प्लीहा की वजह से होनेवाले ज्वर दूर होते हैं और शरीर में ताकत आती है।

बैद्यनाथ ब्राह्मी बटी (कस्तूरी-सुवर्ण-मोती-अम्बर-केशर-युक्त)—सन्निपात ज्वर, मोती-झरा और मियादी बुखार में वायु-विकृति या अधिक तापमान के कारण बैचेनी के लक्षण होने पर इससे तत्काल लाभ होता है। दिमागी कमजोरी को भी यह जल्द दूर करती है।

बैद्यनाथ ब्राह्मी बटी (बुद्धि-वर्द्धक)—स्मरण-शक्ति और बुद्धि की वृद्धि करने में सर्वश्रेष्ठ है। दिमागी काम करनेवालों के लिए विशेष उपयोगी है।

बैद्यनाथ भागोत्तर गुटिका—यह सभी प्रकार की खाँसी और दमा की उत्तम दवा है।

बैद्यनाथ मकरध्वज बटी (कस्तूरी-युक्त)—सुप्रसिद्ध रसायन मकरध्वज में कस्तूरी आदि बहुमूल्य उपादान मिश्रित कर यह बटी बनाई गई है। इसके व्यवहार से शक्ति और शारीरिक कान्ति की वृद्धि होती है।

बैद्यनाथ मरिचादि बटी—सूखी, गीली और गले की खराबी से उत्पन्न खाँसी में बहुत लाभकारी है। सर्दी, जुकाम और स्वरभंग को दूर करती है।

बैद्यनाथ महाशंख बटी—यह मन्दाग्नि, पेट-दर्द, आमदोष और संग्रहणी में लाभदायक है

बैद्यनाथ मुक्तादि बटी (सुवर्ण-मोती-केशर-गोरोचन-युक्त)—बालकों के ज्वर सूखा-रोग, दूध न पचना, पतले दस्त, खाँसी आदि में फायदेमन्द है। यह मस्तिष्क को बल देनेवाली है।

बैद्यनाथ मेहमुद्गर बटी—इसके गुण-धर्म की पूरी जानकारी वैद्य से प्राप्त करें।

बैद्यनाथ रजःप्रवर्त्तनी बटी—स्त्रियों के लिए बहुत लाभकारी है।

बैद्यनाथ राज बटी (गंधक बटी)—भोजन अच्छी तरह पचा कर दस्त साफ लाती है और पेट की वायु (गैस) को नष्ट करती है। भोजनोपरान्त दो-तीन गोली खानी चाहिए।

बैद्यनाथ लवंगादि बटी—कफ-खाँसी में फायदेमन्द है। एक-दो गोली मुँह में रखकर चूसें।

बैद्यनाथ लशुनादि बटी—अजीर्ण के कारण पेट में अधिक वायु होने पर लाभकारी है।

बैद्यनाथ विषमुष्टयादि बटी—विषम-ज्वर, जीर्णज्वर, पेट-दर्द आदि में लाभ करती है।

बैद्यनाथ वृद्धिवाधिका बटी—चिकित्सक की सलाह से इसका व्यवहार करें।

बैद्यनाथ व्योषादि बटी—सर्दी, जुकाम, नजला, खाँसी, स्वरभंग में गुणकारी है। इसे मुंह में रखकर चूसना चाहिए।

बैद्यनाथ शंख बटी—अजीर्ण, मन्दाग्नि, पेट-दर्द आदि में इससे बहुत लाभ होता है।

बैद्यनाथ शिलाजत्वादि बटी—इसके सेवन से शरीर को ताकत मिलती है और याददाश्त की कमी आदि रोग दूर होते हैं।

बैद्यनाथ शिलाजत्वादि बटी (सुवर्ण-युक्त)—यह उपर्युक्त से विशेष गुणयुक्त है।

बैद्यनाथ शुक्रमातृका बटी—इसके सेवन से अश्मरी आदि रोग दूर होते हैं। इससे शरीर में रक्ताणुओं की वृद्धि होती है तथा मांसग्रन्थियों को ताकत मिलती है।

बैद्यनाथ शूलवर्जिनी बटी—पेट-दर्द के रोगियों के लिए यह बहुत उपयोगी है। आमवात, कामला आदि रोगों में भी इसका उपयोग होता है।

बैद्यनाथ संजीवनी बटी—अजीर्ण, मन्दाग्नि, ज्वर, गुल्म, हैजा, पतले दस्त, इन्फ्लुएंजा, निमोनिया, सर्दी, जुकाम आदि में गुणकारी है।

बैद्यनाथ संशमनी बटी—पित्त-विकार, ज्वर के बाद की कमजोरी, हृदय-दौर्बल्य आदि में महोपकारी है।

बैद्यनाथ सर्पगन्धाघन बटी—सर्पगन्धा बड़ी से प्रस्तुत इस दवा से अच्छी नींद आती है।

बैद्यनाथ सारिवादि बटी—यह कान के बहने, गूँजने और कम सुनने आदि में गुणकारी है। धमनी-विकार के कारण होनेवाले कर्ण-रोगों की खास दवा है।

बैद्यनाथ सौभाग्य बटी (प्रसूत)—बिहार-प्रदेश में सोहाग बटी के नाम से प्रचलित है और प्रसूता के लिए परम गुणकारी है। प्रसूतजन्य विकारों से प्रसूता को यह बचाती है।

बैद्यनाथ सौभाग्य बटी—सन्निपात की हालत में यह विशेष उपयोगी है। प्रायः सभी वैद्य के द्वारा इसका उपयोग किया जाता है।

बैद्यनाथ हिंगुकर्पूरादि बटी (कस्तूरी-युक्त)—सन्निपात की अवस्था में हाथ-पाँव काँपना, कपड़े फेंक कर उठ बैठना आदि वातविकारों तथा निमोनिया में गुणकारी है।



पर्पटी

गुण-धर्म—रसायनकल्प में पर्पटी का बहुत महत्वपूर्ण स्थान माना गया है। जब अन्य औषधियों से कुछ भी लाभ नहीं होता, तब पर्पटीकल्प से आशानुसार फल प्राप्त होता है। परन्तु, पर्पटी कल्प से तभी पूर्ण लाभ हो सकता है, जब वह संस्कारित पारद और गन्धक द्वारा पूर्ण शास्त्रीय विधि से बनाई गई हो। ***वैद्यनाथ*** पर्पटी विशुद्धता का पूरा ख्याल रखकर तैयार की जाती है, अतः इससे पूर्ण लाभ निश्चित है।

विशेष—साधारण संस्कारित पारद की अपेक्षा अष्टसंस्कारित पारद द्वारा तैयार की हुई पर्पटियाँ अधिक गुणदायक साबित होती हैं। अष्टसंस्कारित पारद से तैयार की गई सभी पर्पटियों के मूल्य कुछ अधिक हैं।

वैद्यनाथ **पंचामृत पर्पटी**—संग्रहणी-रोग की प्रसिद्ध महौषधि है। अतिसार, पाण्डु, अरुचि, मन्दाग्नि, अम्लपित्त, शूल और दमा में भी बहुत लाभदायक सिद्ध होती है।

वैद्यनाथ **पंचामृत पर्पटी (अष्टसंस्कारित पारद)**—उपर्युक्त से अधिक गुणदायक है।

वैद्यनाथ **विजय पर्पटी (सुवर्ण-मोती-युक्त)**—कष्टसाध्य संग्रहणी, अतिसार, क्षीणता, विषमज्वर, पाण्डु, तिल्ली, जलोदर, शोथ, परिणामशूल अम्लपित्त आदि की उत्कृष्ट दवा है।

वैद्यनाथ **विजय पर्पटी (अष्टसंस्कारित पारद)**—उपर्युक्त से अधिक गुणदायक है।

वैद्यनाथ **बोल पर्पटी**—रक्तपित्त, खूनी बवासीर और गिरते हुए खून को बन्द करती है।

वैद्यनाथ **बोल पर्पटी (अष्टसंस्कारित पारद)**—उपर्युक्त से अधिक गुणदायक है।

वैद्यनाथ **रस पर्पटी**—मन्दाग्नि, संग्रहणी, खून की कमी एवं अम्लपित्त में लाभदायक है।

वैद्यनाथ **रस पर्पटी (अष्टसंस्कारित पारद)**—उपर्युक्त से अधिक गुणदायक है।

वैद्यनाथ **लौह पर्पटी**—अम्लपित्त, मन्दाग्नि, पाण्डु तथा यकृत् की बीमारी और खून की कमी में लाभदायक है। संग्रहणी और आँव में भी फलप्रद है।

वैद्यनाथ **लौह पर्पटी (अष्टसंस्कारित पारद)**—पूर्वोक्त से अधिक गुणदायक है।

वैद्यनाथ **श्वेत पर्पटी**—मूत्रकृच्छ और हैजा आदि में पेशाब रुक जाने पर इसके व्यवहार से पेशाब उतर जाता है। यह अति मूत्रल-प्रस्रावक दवा है।

वैद्यनाथ **स्वर्ण पर्पटी (सुवर्ण-युक्त)**—विधिपूर्वक सेवन करने से इससे कई सेर दूध पचाना हजम हो सकता है। पुराने आँव-पेचिश, संग्रहणी, पाण्डु रोग आदि की महौषधि है।

वैद्यनाथ **स्वर्ण पर्पटी (अष्टसंस्कारित पारद)**—उपर्युक्त से अधिक गुणदायक है।



गुग्गलु

चिकित्सा-जगत् में गुग्गुलु-घटित दवाओं का महत्वपूर्ण स्थान माना गया है। लेकिन, शास्त्रों की विधि से शोधित एवं लक्षाघात गुग्गुलु से ही यथार्थ लाभ होता है। बाजारू, सड़े-गले गुग्गुलु द्वारा निर्मित औषधि में वास्तविक शक्ति नहीं पाई जाती। हमारे यहाँ उत्तम श्रेणी के गुग्गुलु को शास्त्रीय नियम के अनुसार शोधित कर, औषधि-निर्माण के काम में लिया जाता है। अतः इनसे पूर्ण लाभ निश्चित है।

बैद्यनाथ कांचनार गुग्गुलु—किसी भी प्रकार की अपची या ग्रन्थि में लाभदायक है।

बैद्यनाथ कैशोर गुग्गुलु—खून की खराबी के कारण शरीर में फोड़ा-फुन्सी, पीड़िका आदि व्याधियों में इससे फायदा होता है।

बैद्यनाथ गोक्षुरादि गुग्गुलु—इसके सेवन से पथरी आदि कठिन रोग दूर होते हैं।

बैद्यनाथ त्रयोदशांग गुग्गुलु—यह गृध्रसी आदि भयंकर वात-विकारों में फायदेमन्द है।

बैद्यनाथ त्रिफला गुग्गुलु—भगन्दर, गुल्म, सूजन और बवासीर आदि रोगों में इस दवा के सेवन से भरपूर लाभ होता है और पेट साफ रहता है।

बैद्यनाथ पंचतिक्त घृत गुग्गुलु—यह रक्त-शुद्धि के लिए अति उत्तम दवा है। पुराने घाव, फोड़े-फुन्सी और वात-रोग में भी लाभदायक है।

बैद्यनाथ पुनर्नवादि गुग्गुलु—इसके सेवन से शोथ, गृध्रसी तथा आमवात दूर होता है।

बैद्यनाथ रास्नादि गुग्गुलु—आमवात, जोड़ों के दर्द, गृध्रसी, शिरो-रोग, नाड़ीव्रण, नासूर आदि रोग तथा वात-विकारों में यह फायदा करता है।

बैद्यनाथ लाक्षादि गुग्गुलु—यह चोट के दर्द और टूटी हुई हड्डियों को जोड़ने एवं रक्त के जमाव को दूर करने में बहुत सहायक सिद्ध होता है।

बैद्यनाथ सप्तविंशति गुग्गुलु—भगन्दर, बवासीर, पुराने घाव, हृदयशूल, अन्त्र-वृद्धि, कुक्षि और वस्ति-विकार में विशेष लाभदायक है।

बैद्यनाथ सिंहनाद गुग्गुलु—गुल्म, उदर-रोग तथा कठिन आम-वात रोग की दवा है। बलीपलित (असमय में बाल पकना) रोग में भी यह अच्छा गुणकारी है।

बैद्यनाथ योगराज गुग्गुलु—आयुर्वेद-शास्त्र की इस महौषधि के गुण से वैद्यों के अलावा साधारण जनता भी परिचित है। वायु के कारण शरीर के किसी भी भाग में दर्द होने पर लोग योगराज गुग्गुलु का सेवन करते हैं। योगराज गुग्गुलु लक्षघात (एक लाख बार कूटा हुआ) होने से ही फायदा करता है। हमारे यहाँ एक महीने तक कुटाई होती है, जिसमें लाख बार से अधिक ही आघात होते हैं। इससे वात, कमर या मेरुदण्ड का दर्द, सर्वांग-शूल और पुराने और कष्टदायक वायु-रोग जल्द आराम होते हैं।

बैद्यनाथ महायोगराज गुग्गुलु—यह रस-सिन्दूर, बंग, अभ्रक, लौह इत्यादि की भस्म डालकर बनाया जाता है। साधारण योगराज गुग्गुलु से यह अधिक गुणदायक है।



चूर्ण

गुण-धर्म—आयुर्वेदशास्त्र में आसव-अरिष्ट की तरह चूर्ण भी रोग-निवारण का उत्तम औषधि है। चूर्ण जड़ी-बूटियों को सुखाकर तथा कूटकर बनाये जाते हैं। इसलिए उत्तम, ताजी और असली जड़ी-बूटियों और उनकी कुटाई के उत्तम प्रबन्ध और निगरानी पर ही उनका गुण निर्भर करता है। हमारे यहाँ पहाड़ों और जंगलों से ताजी और असली जड़ी-बूटियाँ मँगाई जाती हैं और उनके कूटने का प्रबन्ध भी उत्तम है, जिसकी निगरानी योग्य वैद्यों द्वारा होती है। इसलिए हम जोर देकर कह सकते हैं कि विधिपूर्वक सेवन करने पर **वैद्यनाथ** चूर्ण अवश्य फायदा करते हैं। **वैद्यनाथ** चूर्ण उत्तम शीलबन्द शीशियों में पैक होने के कारण बाहरी दूषित हवा के स्पर्श से दूर रहते हैं, अतः वे बहुत दिन तक खराब नहीं होते।

सेवन-विधि—साधारण चूर्ण सुबह खाली पेट, स्वादिष्ट और अग्निवर्द्धक चूर्ण भोजन के बाद और दस्तावर चूर्ण रात को सोते समय गर्म पानी से लिए जाते हैं।

वैद्यनाथ अविपत्तिकर चूर्ण—अम्लपित्त की सर्वोत्तम दवा है। इससे छाती और गले की जलन, कब्जियत आदि पित्त-रोग दूर होते हैं।

वैद्यनाथ अश्वगन्धादि चूर्ण—दिमाग को परिपुष्ट करने के साथ-साथ यह चूर्ण शरीर को भी पुष्ट करता है।

वैद्यनाथ एलादि चूर्ण—मिचली, जलन, अरुचि में फायदेमन्द है।

वैद्यनाथ गंगाधर चूर्ण वृहत्—आँव, संग्रहणी और पतले दस्त में।

वैद्यनाथ चन्दनादि चूर्ण—दाह, तृषा और पित्त-विकार में।

वैद्यनाथ चोपचिन्यादि चूर्ण—इसके सेवन से पेशाब की जलन, फोड़े-फुन्सी, घाव, भगन्दर, खुजली, दाह आदि रक्त की खराबी दूर होते हैं।

वैद्यनाथ जातिफलादि चूर्ण—यह अतिसार, संग्रहणी, पेट के मरोड़, मन्दाग्नि, अरुचि आदि में फायदेमन्द है।

वैद्यनाथ तालीशादि चूर्ण—जीर्णज्वर, खाँसी, अरुचि, अग्निमांद्य आदि विकारों में इसका उपयोग होता है।

वैद्यनाथ त्रिफला चूर्ण—कब्ज, पाण्डु, कामला, शोथ, नेत्र-विकार आदि को दूर करता है। गरमी की ऋतु में चूर्ण की आधी चीनी मिलाकर लेने से पित्त की वृद्धि नहीं होती।

वैद्यनाथ धातुपौष्टिक चूर्ण—यह रस, रक्तादि सातों धातुओं को बढ़ाता और असंयम-जनित रोगों को दूरकर शरीर को हृष्ट-पुष्ट बनाता है।

वैद्यनाथ नारायण चूर्ण—गुल्म, लीवर, पेट फूलना, सूजन, दस्त की कब्जियत, मन्दाग्नि, बवासीर आदि में पेट साफ रखने के लिए उत्तम है।

वैद्यनाथ पंचसकार चूर्ण—यह चूर्ण पेट साफ करता है तथा पाचन-शक्ति और भूख बढ़ाता है। इससे पेट के कृमि भी दूर होते हैं।

वैद्यनाथ प्रदरनाशक चूर्ण—स्त्रियों के लिए लाभदायक है।

वैद्यनाथ पुष्यानुग चूर्ण नं० २ (नागकेशर-युक्त)—पूर्ण शास्त्रीय गुण-युक्त है। विशेष जानकारी चिकित्सक से प्राप्त करें।

बैद्यनाथ पुष्यानुग चूर्ण नं० १ (केशर-युक्त)—अधिक गुणकारी है।

बैद्यनाथ वज्रक्षार चूर्ण—मन्दाग्निमूलक रोगों की प्रधान दवा।

बैद्यनाथ बिल्वादि चूर्ण—आँव और खून के दस्त में लाभदायक।

बैद्यनाथ महासुदर्शन चूर्ण—कुनाइन आदि से अटका हुआ बुखार इससे दूर होता है। यकृत् और प्लीहा के दोष से उत्पन्न जीर्ण-ज्वरों में इससे विशेष लाभ होता और पेट साफ रहता है।

बैद्यनाथ लवणभास्कर चूर्ण—हाजमा के चूर्णों में यह विशेष गुणकारी और स्वादिष्ट है। यह कब्जियत मिटाता है और पतले दस्त को बन्द करता है।

बैद्यनाथ लवंगादि चूर्ण—पित्तज-कास, वमन आदि की उत्तम दवा है। गर्भावस्था की मिचली, उल्टी में लाभदायक है।


बैद्यनाथ लाई चूर्ण—संग्रहणी और अम्लपित्त में लाभदायक।


बैद्यनाथ शतावर्य्यादि चूर्ण—रस, रक्त आदि सप्त धातुओं को बढ़ा कर शरीर को बलवान करता है। यह बहुत पौष्टिक है।

बैद्यनाथ सारस्वत चूर्ण—बुद्धि और स्मृति बढ़ाता है।

बैद्यनाथ सितोपलादि चूर्ण—पुराना बुखार, शारीरिक क्षीणता, दमा, अरुचि, पित्त-विकार, हाथ-पैर की जलन आदि में बहुत उपयोगी है। यह खाँसी की उत्तम, स्निग्ध (तर) दवा है।

बैद्यनाथ हिंग्वष्टक चूर्ण—यह चूर्ण पेट की ऊर्ध्व वायु को शान्त करता है तथा अग्निवर्धक और पाचक भी है। मन्दाग्नि, आँव, पेट-दर्द, पेट के फूलने और गुड़गुड़ाहट आदि होने पर विशेष उपयोगी है।





अवलेह मोदक पाक

क्वाथ, रस, फाण्ट आदि को दुबारे पका कर जो गाढ़ा किया जाता है, उसको लेह, अवलेह और रस-क्रिया कहते हैं। इसके पाक दो तरह के होते हैं—जो चाटने योग्य पतला हो, वह अवलेह और जो गाढ़ा हो उसे पाक कहते हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सा में अवलेह स्निग्ध (तर) इलाज के लिए बहुत गुणदायक है। बच्चों से लेकर बूढ़ों तक को इसके सेवन में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होती। इसकी मात्रा ६ से १२ ग्राम (६ माशा से १ तोला) तक है। रोगानुसार अनुपान के साथ इनका सेवन कर अपने स्वास्थ्य की रक्षा करनी चाहिए।

बैद्यनाथ अगस्त्य हरीतकी—दमा, खाँसी एवं फेफड़ों के विकार में लाभदायक है।

बैद्यनाथ एरण्ड पाक—वातरोग, जोड़ों के दर्द आदि की महौषधि और स्निग्ध विरेचन है।

बैद्यनाथ कण्टकार्यवलेह—इससे खाँसी, स्वास और हिचकी दूर होती है।

बैद्यनाथ कुटजावलेह—रक्तातिसार, आँव, पेचिश एवं खूनी बवासीर में उपयोगी है।

बैद्यनाथ च्यवनप्राश-अवलेह (अष्टवर्ग-युक्त)—जीर्ण-शीर्ण शरीर का कायाकल्प करने के लिए यह सर्वविदित है। वृद्ध च्यवन ऋषि इसी से दुबारा नौजवान बने थे। अष्टवर्ग मिलाने की गारण्टी है। फेफड़े के विकार, पुराना स्वास, शारीरिक क्षीणता, जीर्णज्वर, स्वरभंग, खून की कमी, कैल्शियम की कमी, कब्जियत, अम्ल-पित्त, मन्दाग्नि आदि रोगों को दूर करके यह शरीर को हृष्ट-पुष्ट और बलवान बनाता है और रस-रक्त आदि सप्त धातुओं को बढ़ाता है। बैद्यनाथ च्यवनप्राश गुणों में श्रेष्ठ होता है, क्योंकि यह पूर्ण शास्त्रीय विधि के अनुसार ताजे-हरे आँवले और प्रामाणिक औषधियों के योग से तैयार किया जाता है। इसमें स्वाभाविक रूप से विटामिन "सी" पर्याप्त मात्रा में होता है। इसका सेवन हर मौसम में हर दिन बालक, वृद्ध सभी को करना चाहिए।

बैद्यनाथ च्यवनप्राश-अवलेह (स्पेशल)—इसमें चाँदीवर्क, केशर, मकरध्वज, अभ्रक भस्म आदि का मिश्रण किया गया है, जिससे साधारण च्यवनप्राश अवलेह से अधिक गुणकारी है।

बैद्यनाथ चित्रक हरीतकी—पुराने और बार-बार होनेवाले सर्दी-जुकाम की श्रेष्ठ दवा है।

बैद्यनाथ वासावलेह—इससे सभी तरह की खाँसी सूखी हो या गीली में फायदा होता है।

बैद्यनाथ वासाहरीतक्यवलेह—रक्तपित्त, सभी तरह की खाँसी, पुराने ज्वरयुक्त खाँसी और शारीरिक क्षीणता में लाभदायक है।

बैद्यनाथ बादाम पाक—दिल और दिमाग को ताकत देता है। पित्त-विकार, नेत्र एवं शिरोरोग में लाभदायक है।

बैद्यनाथ बाहुशाल गुड़—बादी बवासीर की उत्तम दवा है।

बैद्यनाथ ब्राह्म रसायन—बल, कान्ति एवं स्मरणशक्ति वर्धक।

बैद्यनाथ मूसली पाक—असंयमजन्य रोगों को दूरकर शरीर को मोटा-ताजा बनाने में श्रेष्ठ है।

बैद्यनाथ सुपारी पाक—बच्चा होने के बाद महिलाओं को इसका सेवन करना चाहिए। इससे उनका शरीर पुष्ट और स्वास्थ्य उन्नत होता है।

बैद्यनाथ सौभाग्यसुंठी पाक—प्रसूता के लिए अच्छी पुष्टई है। इससे भूख तथा बल बढ़ता है और अरुचि तथा पेट की वायु का नाश होता है।

बैद्यनाथ हरिद्राखण्ड बृहत्—शीतपित्त में फायदेमन्द है।

बैद्यनाथ हरीतकी खण्ड—कब्जियत को दूर करता है।



औषधि तैल

गुण-धर्म—उत्तम औषधि द्वारा विशुद्ध आयुर्वेदीय रीति से प्रस्तुत तैल रोग-नाश के साथ-साथ शरीर को भी पुष्ट करते हैं।

सेवन-विधि—तैल को धीरे-धीरे, लेकिन बल के साथ इस प्रकार मालिश करनी चाहिए कि तैल चमड़े के भीतर रम जाय। बिना उत्तम मर्दन के तैलों से पूर्ण लाभ नहीं होता। दर्द की जगह, मालिश करते समय, अग्नि से सेंककर एरण्ड या धतूरे के पत्ते बाँधना चाहिए। शिरोरोग में बाल काटकर तैल मर्दन करना चाहिए।

वैद्यनाथ इरिमेदादि तैल—मुख-रोग की उत्तम दवा है। मसूढ़ों से खून या मवाद का आना, मुख-पाक, मुख-दुर्गन्ध, टान्सिल की सूजन आदि में शीघ्र लाभ करता है।

वैद्यनाथ काशीसादि तैल—इसके लगाने से बवासीर के मस्से दूर होते हैं।

वैद्यनाथ गुडूच्यादि तैल—मालिश अथवा डूस द्वारा प्रयुक्त होने पर पसीने की अधिकता, खुजली, सिर-कंप, अंगों में आई हुई अशक्तता आदि दूर होते हैं।

वैद्यनाथ ग्रहणीमिहिर तैल—संग्रहणी और अतिसारवालों के क्षीण शरीर में इसकी मालिश बहुत गुणकारी है। इसकी मालिश से उदर-रोगों में भी लाभ होता है।

वैद्यनाथ चन्दनबलालाक्षादि तैल—समस्त वात-विकारों की प्रसिद्ध दवा है। इससे सातों धातु बढ़ते हैं। कास, श्वास, शारीरिक क्षीणता, दाह और पुराने ज्वर में उपयोगी है।

वैद्यनाथ दशमूल तैल—यह तैल सन्निपात एवं सब प्रकार के सिर-दर्द में मालिश करने से तत्काल लाभ करता है। इसके अतिरिक्त कान और नाक के दर्द में भी गुणकारी है।

वैद्यनाथ निर्गुण्डी तैल—नाड़ीव्रण, नासूर, अपची आदि गले की गाँठ एवं सब प्रकार के दूषित व्रणों को दूर करने में अति उपयोगी है।

वैद्यनाथ प्रसारिणी तैल—सब प्रकार के वात-कफ-जन्य रोग, अर्दित, ग्रंथिवात, अंगों का जकड़ना, गृध्रसी आदि में इसका प्रयोग गुणकारी होता है।

वैद्यनाथ पुनर्नवादि तैल—सब प्रकार के शोथ और पाण्डु में इसकी मालिश लाभदायक है।

वैद्यनाथ व्रणराक्षस तैल—पुराने और सड़े हुए खराब घाव में यह तैल गुणकारी है।

वैद्यनाथ ब्राह्मी तैल—उत्तम ब्राह्मी के स्वरस से बनाया गया है। यह बुद्धि-स्मृति-वर्द्धक एवं मस्तिष्क-दौर्बल्य-नाशक परम गुणकारी केश तैल है।

वैद्यनाथ वासाचन्दनादि तैल—यह तैल कास, ज्वर, रक्तपित्त, पाण्डु, कामला, क्षत-क्षीणता और श्वास-रोगों में उपयोगी है। मालिश से बल और अग्नि बढ़ती है।

वैद्यनाथ बिल्व तैल—कान-दर्द, कान में आवाज तथा सनसनाहट होने पर एवं बहरापन में इसका उपयोग विशेष रूप से किया जाता है।

वैद्यनाथ विष्णु तैल बृहत् (केशर-कस्तूरी-युक्त)—जिसका कोई अंग सूखता जा रहा हो या लड़खड़ा कर चलता हो, उसे अथवा वात-रोग, चक्कर आना, सिर एवं जोड़ों के दर्द में इसकी मालिश से बहुत लाभ होता है।

बैद्यनाथ मल्ल तैल (केशर-कस्तूरी-युक्त)—संखिया जहर के इस तैल में एक सींक डुबोकर पान में खाइए। यह दर्द, मन्दाग्नि और कमजोरी में लाभदायक है। इसकी विशेष जानकारी के लिए वैद्य से परामर्श कीजिए।

बैद्यनाथ महामरिचादि तैल—यह खाज-खुजली, फोड़े-फुन्सी, झाईं आदि चर्म और रक्त-रोगों के लिए मशहूर है। इसके व्यवहार से चमड़ी मुलायम होती है।

बैद्यनाथ महाचन्दनादि तैल (केशर-कस्तूरी-युक्त)—कमजोर रोगी को ताकतवर बनाने के लिए अनुभूत एवं शास्त्रीय तैल है। पुराने बुखार, कास-श्वास, शारीरिक कमजोरी आदि में भी बहुत फायदा करता है।

बैद्यनाथ महाविषगर्भ तैल—किसी तरह के तैल लगाने पर भी जब वात-वेदना (वायु का दर्द) शान्त न होता हो, तब इसे लगाना चाहिए, इससे अवश्य लाभ होगा।

बैद्यनाथ महानारायण तैल (केशर-कस्तूरी-युक्त)—यह सन्धिवात, सर्वांग-वेदना, आमवात, कमर के दर्द आदि सभी तरह के वात-विकारों की मशहूर दवा है। भारतीय जनता में इसका अत्यधिक प्रचार है। यह मालिश करने के अलावा खाने के भी काम में आता है। अल्प मात्रा में इसका डूस भी दिया जाता है। सिर पर मालिश से मस्तिष्क ठंडा रहता है।

बैद्यनाथ महाभृङ्गराज तैल—सिर के बालों को बढ़ाता, माथे को ठंडा रखता, गंज को मिटाता तथा बालों को काला करता है। यह परम गुणकारी केश-तैल है।

बैद्यनाथ महामाष तैल—अंगों में आई हुई अशक्तता को दूर कर उनमें नया जीवन लाता है। इसकी मालिश से विभिन्न प्रकार के कष्टसाध्य वात-रोग नष्ट होते हैं।

बैद्यनाथ महालाक्षादि तैल—इससे पुराने ज्वर, खाँसी, शारीरिक दुर्बलता, हाथ-पैर की जलन, हड्डी-पसली के दर्द और बालरोगों में बहुत लाभ होता है।

बैद्यनाथ श्रीगोपाल तैल (केशर-कस्तूरी-युक्त)—रईस लोगों के काम की वस्तु है। नित्य लगाने से बुढ़ापा नहीं व्यापता और वायुरोग नष्ट तथा शरीर पुष्ट होता है।

बैद्यनाथ रसोन तैल—जोड़ों के दर्द और सूजन में लाभदायक है।

बैद्यनाथ शुष्कमूलकाद्य तैल—इससे शोथ, पाण्डु, कामला आदि में लाभ होता है।

बैद्यनाथ शंखपुष्पी तैल—बच्चों के सूखा रोग में विशेष गुणकारी है। जन्म के बाद से ही इस तैल को लगाने से बालक पुष्ट और नीरोग रहते हैं।

बैद्यनाथ षड्बिन्दु तैल—इससे सिर-दर्द, सर्दी, जुकाम, पीनस आदि में लाभ होता है। इसे ५-६ बूँद नाक में डालकर सूँघना भी चाहिए।

बैद्यनाथ सैन्धवादि तैल बृहत्—सभी प्रकार के वृद्धि रोगों में इस तैल के प्रयोग से अच्छा लाभ होता है। आमवात, कमर एवं घुटने के दर्द आदि में भी उपयोगी है।

बैद्यनाथ सोमराजी तैल—इस तैल की मालिश से रक्तविकार, दाह, खुजली, फोड़ा, फुन्सी, चेहरे पर की कालिमा आदि में फायदा होता है।

बैद्यनाथ हिमसागर तैल—यह पीपरमेंट का फूल मिला हुआ हिमसागर तैल नहीं है। वायुर्वेद का यह तैल १५-२० दिन पकाने पर तैयार होता है। इससे सिर ठंडा रहता है।

बैद्यनाथ क्षार तैल—कान-दर्द, कर्ण-स्राव, सनसनाहट आदि वात-रोगों में गुणकारी है।



घृत

गुण-धर्म—आयुर्वेदीय पद्धति से निर्मित घृत अत्यन्त स्निग्ध और पौष्टिक होता है। औषधियों द्वारा सिद्ध होने के कारण यह अधिक पाचक तथा अँतड़ियों और वस्ति को शुद्ध करके मलावरोध और मूत्र-संकोच को दूर करता है। यह स्निग्ध होने से मलाशय, दिमाग, मांस, हड्डियों, नसों आदि को ताकत पहुँचाते हुए रोगों का नाश करता है।

मात्रा—गर्म दूध में १ तोला घृत मिलाकर पीना चाहिए या मिश्री के साथ चाट लेना चाहिए।

बैद्यनाथ अर्जुन घृत—शरीर में वायु अधिक हो जाने के कारण रोगी को घबराहट तथा धड़कन होने लगती है। अत्यधिक पसीना आने लगता है, मुँह सूख जाता है और निद्रा की कमी हो जाती है। उसके शरीर में रक्त-संचार ठीक से नहीं होता। इस स्थिति में यह घृत वात को शांत करके रोगी को आराम पहुँचाने में उपयोगी है।

बैद्यनाथ अश्वगन्धादि घृत—दोनों समय इसके सेवन से जोड़ों का दर्द, कमर का दर्द, वायु-विकार, अनिद्रा आदि दूर होते हैं। इससे रस-रक्तादि सप्त धातुओं की पुष्टि होकर शरीर स्वस्थ रहता है।

बैद्यनाथ अशोक घृत—स्त्रियों के स्वास्थ्य और सौन्दर्य को बढ़ानेवाली यह प्रसिद्ध महौषधि है। सभी गुण अशोकारिष्ट के समान ही हैं। किन्तु, इसमें वातनाशक गुण अधिक है।

बैद्यनाथ कासीसादि घृत—इसके उपयोग से रक्त-दोष, दाद, खुजली, बीची, दुष्ट घाव, भगन्दर और मकड़ी का जहर दूर होता है।

बैद्यनाथ त्रिफला घृत—इसके सेवन से आँख की ज्योति बढ़ती है तथा रक्त-दुष्टि, रक्त-स्राव, तिमिर, नेत्र-पीड़ा और नेत्र-विकार दूर होते हैं। त्रिफला के पूर्ण गुण होने के साथ-साथ इसमें स्निग्धता भी है।

बैद्यनाथ महात्रिफला घृत—उपर्युक्त से विशेष गुण इसमें है।

बैद्यनाथ महातिक्त घृत—रक्तपित्त, विद्रधि, फोड़ा-फुन्सी आदि सभी तरह के रक्त-विकार-जन्य रोगों में लाभदायक है।

बैद्यनाथ पंचतिक्त घृत—पुराने रक्त-विकार (खून के जहर) इससे दूर होते हैं। यह पित्त-विकारों में विशेष उपयोगी है।

बैद्यनाथ पुराना घृत—इसकी मालिश से छाती में जमा हुआ कफ ढीला होकर निकल जाता है। खासकर इसका उपयोग निमोनिया में किया जाता है।

बैद्यनाथ फलकल्याण घृत—यह घृत स्त्रियों के लिए परम लाभदायक है। इसके सेवन से वे स्वस्थ रहती हैं और सुन्दर सन्तान की जननी बनती हैं।

बैद्यनाथ ब्राह्मी घृत—इसके सेवन से स्मरण-शक्ति बढ़ती है।

Baidyanath बैद्यनाथ

आसव अरिष्ट

गुण-धर्म—आयुर्वेदीय चिकित्सा में क्वाथ या काढ़ा के अनन्त गुण वर्णित हैं। किन्तु, क्वाथ की मात्रा अधिक होती है और उसे रोज तैयार करना पड़ता है। पंसारियों के यहाँ से क्वाथ के लिए आवश्यक शुद्ध मूल द्रव्य प्राप्त करने में भी कठिनाई होती है। लोगों को इसी झंझट से बचाने के लिए शास्त्रों में आसव-अरिष्टों के निर्माण और उपयोग की विधि बताई गई है।

आसव-अरिष्ट की उत्तमता—आसव-अरिष्ट जितने पुराने होते हैं, वे उतने ही अधिक लाभ पहुँचाते हैं। विशुद्ध रीति और उत्तम जड़ी-बूटियों के योग से तैयार पुराने आसव-अरिष्ट का प्रभाव रोगों पर तत्काल और निश्चित होता है।

बैद्यनाथ आसव-अरिष्ट—श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्राइवेट लि० इस कार्य के लिए देश में सुप्रसिद्ध है। हमारी पाँच निर्माणशालाओं में हजारों मन आसव-अरिष्ट हमेशा तैयार रहते हैं और वे पुराने होने पर ही बिक्री के लिए भेजे जाते हैं।

अशोकारिष्ट—आयुर्वेदशास्त्र में असली अशोक के बहुत गुण वर्णित हैं। यह शीतल, तृषा, दाह और रक्त-दोष नाशक होता है। इसकी छाल के प्रयोग से स्त्रियों के स्वास्थ्य तथा सौन्दर्य की अभिवृद्धि होती है। इस देश में पर्दा आदि कतिपय कुप्रथाओं के कारण स्त्रियों का स्वास्थ्य बहुत गिरा हुआ रहता है। उन्हें अनेक ऐसे रोगों का शिकार हो जाना पड़ता है, जिनका नाम गिनाना यहाँ उचित नहीं। उन रोगों से बचने के लिए भी अशोक की छाल का सेवन बहुत गुणदायक होता है, वह स्थायी लाभ करता है तथा उनकी अनेक तरह की शारीरिक विकृतियों को दूर करता है।

बैद्यनाथ अशोकारिष्ट—बंगाल और दक्षिण भारत की असली अशोक छाल तथा अन्य अनेक उत्तमोत्तम जड़ी-बूटियों के योग से तैयार किया जाता है। यह पूर्ण गुणयुक्त होने के कारण सचमुच 'अशोक' अर्थात् स्त्रियों का दुःख दूर करनेवाला है। बैद्यनाथ अशोकारिष्ट के सेवन से स्त्रियों के हाथ-पाँव के तलवों की जलन, पेड़ू-पेट तथा सिर के दर्द, पित्त-दाह और उदर-शूल आदि दूर होते हैं। इससे उनके शरीर की शक्ति और मुख की कान्ति बढ़ती है। यह वयः-स्थापक है अर्थात् बुढ़ापे को रोकता है।

बैद्यनाथ अर्जुनारिष्ट—शरीर में वायु अधिक हो जाने के कारण हृदय धड़कता है और शरीर में पसीना आने लगता है, मुँह सूख जाता है, नींद कम आती है, शरीर में रक्त-संचार ठीक से नहीं होता, मन घबड़ाता है और रोगी को मृत्यु-भय सताने लगता है। ऐसी स्थिति में बैद्यनाथ अर्जुनारिष्ट का व्यवहार बहुत ही लाभदायक सिद्ध होता है।

बैद्यनाथ अभयारिष्ट—सभी तरह के बवासीर की प्रसिद्ध दवा है। कब्जियत, मन्दाग्नि आदि उदर-रोगों को समूल दूर कर अग्नि को बढ़ाता है।

बैद्यनाथ अमृतारिष्ट—विषमज्वर, पित्त-ज्वर और जीर्णज्वर में विशेष लाभदायक है।

बैद्यनाथ अरविन्दासव—बालकों के सूखा (सुखण्डी) रोग, अतिसार, अपच, ग्रह-दोष आदि रोगों को दूरकर उन्हें हृष्ट-पुष्ट, बलवान और दीर्घायु बनाता है।

बैद्यनाथ अश्वगन्धारिष्ट—असली अश्वगन्धा से शक्तिवर्द्धक तथा दिमाग को पुष्ट करनेवाली अनेक गुणदायक जड़ी-बूटियों द्वारा तैयार किया जाता है। इसके सेवन से अकारण भय, चित्तभ्रम, अनिद्रा, याददाश्त की कमी, मन्दाग्नि, कब्जियत, सिर-दर्द, काम में चित्त न लगना आदि दूर होकर बल, विक्रम, कान्ति और बुद्धि की वृद्धि होती है। यह उत्तम टॉनिक के रूप में भी व्यवहार्य है।

बैद्यनाथ अंगूरासव—शक्ति-स्फूर्तिदायक अत्युत्तम पेय है। इसके नियमित व्यवहार से शरीर के दुर्बल स्नायु-मण्डल की परिपुष्टि और मानसिक बल की प्राप्ति होती है।

बैद्यनाथ उशीरासव—रक्तपित्त, उदर्द आदि सम्पूर्ण पित्त-विकारों में लाभदायक है।

बैद्यनाथ कनकासव—नये व पुराने दमा—विशेषकर कफ और वायु की अधिकता से उत्पन्न होनेवाले दमा में उपयोगी है। पुरानी खाँसी में भी इसके व्यवहार से लाभ होता है।

बैद्यनाथ कालमेघासव—जीर्णज्वर, तिल्ली, काला ज्वर, पाण्डु आदि की श्रेष्ठ औषधि है।

बैद्यनाथ कुटजारिष्ट—आँव, खून के दस्त, संग्रहणी, खूनी बवासीर, आमांश (Amebic Dysentery), जीर्णज्वर आदि की उत्तम दवा है। इससे रक्त का गिरना भी बन्द होता है।

बैद्यनाथ कुमारी आसव—इसके सेवन से आठ तरह के उदर-रोग (तिल्ली, जिगर, जलन्धर आदि), पंक्ति-शूल (भोजन के बाद का पेट-दर्द), कब्जियत, गुल्म (वायुगोला) आदि उदर-रोग दूर होते हैं और खाया हुआ पदार्थ अच्छी तरह पच जाता है।

बैद्यनाथ कुमारी आसव नं० ३—यह बालकों के यकृत् (Liver) के रोग, कब्जियत, बदहजमी, रक्ताल्पता आदि में विशेष लाभदायक है।

बैद्यनाथ खदिरारिष्ट—सब प्रकार के चर्म-रोगों एवं रक्त-विकारों में लाभदायक है।

बैद्यनाथ चन्दनासव—पेशाब की जलन, कड़क, पथरी आदि में गुणकारी है।

बैद्यनाथ जीरकाद्यरिष्ट—हाथ-पाँव की जलन, अतिसार एवं संग्रहणी रोग-नाशक है।

बैद्यनाथ दशमूलारिष्ट (कस्तूरी-युक्त)—संग्रहणी, मन्दाग्नि, अरुचि, उदर-रोग, खाँसी, दमा, कमजोरी आदि रोगों की शास्त्रोक्त दवा है। इससे बल और कान्ति बढ़ती तथा शरीर पुष्ट होता है। प्रसव के बाद इसके सेवन द्वारा माताएँ अपनी और अपने शिशु के स्वास्थ्य की रक्षा करती हैं एवं सुखमय जीवन बिताती हैं।

बैद्यनाथ द्राक्षासव—ताकत और ताजगी से भरा हुआ सुमधुर टॉनिक है। यह बढ़िया अंगूरी दाखों से तैयार किया जाता है। बहुत से धनी बारहों मास इसका सेवन करते हैं। बैद्यनाथ द्राक्षासव पीने में अत्यन्त जायकेदार है। यह भूख बढ़ाता, दस्त साफ लाता, कब्जियत मिटाता, ताकत पैदा करता, नींद लाता और दिल तथा दिमाग में ताजगी पैदा करता है और कफ, खाँसी, सर्दी, जुकाम आदि में फायदा पहुँचाता है।

बैद्यनाथ महाद्राक्षासव—उपर्युक्त से अधिक गुणदायक है। शारीरिक क्षीणता और अग्निमांद्य तथा कब्जियत आदि को दूर करने में अद्वितीय है।

बैद्यनाथ द्राक्षारिष्ट—इसके गुण भी द्राक्षासव के समान ही हैं। कफ, खाँसी, शारीरिक क्षीणता और कब्जियत में इसका विशेष रूप से व्यवहार किया जाता है।

बैद्यनाथ देवदार्वाद्यरिष्ट—यह रक्तशोधक और मूत्र-दोष निवारक है। पेशाब रुक-रुककर होना, संग्रहणी, अर्श, वातरोग एवं प्रसव के बाद होनेवाले विकारों में गुणदायक है।

बैद्यनाथ पत्रांगासव (केशर-युक्त)—स्त्रियों के विभिन्न कष्ट, ज्वर, पाण्डु, सूजन, अग्निमांद्य, कमजोरी आदि को दूर करता है।

बैद्यनाथ पिप्पल्यासव—इसके सेवन से मन्दाग्नि, कफ-खाँसी, शारीरिक क्षीणता, गुल्म, अर्श, संग्रहणी आदि रोग दूर होते हैं।

बैद्यनाथ पुनर्नवारिष्ट—यह शोथ, उदर-रोग, प्लीहा-वृद्धि, अम्लपित्त, बढ़े हुए लीवर, गुल्म आदि रोगों को दूर करता है। इसका प्रभाव हृदय पर विशेष रूप से होता है।

बैद्यनाथ बब्बुलारिष्ट—अतिसार, कफ-खाँसी, उरःक्षत, रक्तपित्त तथा रक्तरोग में गुणकारी है। यह श्वास-नलिका को साफ कर खाँसी के साथ आनेवाले खून को बन्द करता है।

बैद्यनाथ बलारिष्ट—वात-रोग-नाशक, स्नायु-पुष्टिकारक एवं अत्यन्त बलवर्धक है।

बैद्यनाथ वासारिष्ट—ज्वर-युक्त पुरानी खाँसी, खाँसने के साथ-साथ कफ और खून का निकलना, श्वास, सूखी खाँसी तथा रक्तपित्त के लिए अत्युत्तम है।

बैद्यनाथ विडङ्गासव—पेटमें होनेवाले सभी प्रकार के कृमि-रोगों में इसका उपयोग होता है। यह गुल्म, विद्रधि, कफ, खाँसी, श्वास, भगन्दर आदि रोगों में भी लाभदायक है।

बैद्यनाथ भृङ्गराजासव—शारीरिक क्षीणता और सभी तरह की खाँसी में गुणकारी है। यह बालों को गिरने, सफेद होने से बचाता तथा गंज को मिटाता है।

बैद्यनाथ महामंजिष्ठाद्यरिष्ट—सर्वश्रेष्ठ खूनसफा है। रक्तदोष, खाज-खुजली और श्लीपद रोगों में गन्धक या रस-माणिक्य के साथ लेने से अच्छा लाभ होता है।

बैद्यनाथ मुस्तकारिष्ट—अतिसार, अजीर्ण, अग्निमान्द्य, संग्रहणी, हैजा आदि में लाभदायक है। यह पतले दस्त को गाढ़ा करता है तथा कुपित वात को शान्त कर जठराग्नि को दीप्त करता है।

बैद्यनाथ रोहितकारिष्ट—यह तिल्ली, वायुगोला, अग्निमान्द्य, पाण्डु आदि रोगों को दूर करता है। लीवर और तिल्ली के बढ़ जाने पर इसके उपयोग से विशेष लाभ होता है।

बैद्यनाथ लोध्रासव—पेशाब की जलन आदि बीमारियों में इसका उपयोग होता है। यह स्त्रियों के लिए विशेष उपयोगी है।

बैद्यनाथ लोहासव—खून बढ़ाने की सुप्रसिद्ध औषधि है। रक्ताल्पता (Anaemia), जीर्णज्वर, ज्वरान्त-दौर्बल्य एवं बढ़े हुए जिगर और तिल्ली में विशेष लाभदायक है।

बैद्यनाथ सारस्वतारिष्ट—ब्राह्मी का यह अपूर्व कल्प दिमागी ताकत, स्मरण-शक्ति, कान्ति एवं बुद्धि बढ़ाने में श्रेष्ठ है। मानसिक एवं शारीरिक दुर्बलता, नींद न आना, स्वरभंग, रुक-रुककर बोलना, कानों में तरह-तरह की आवाज का होना, कम सुनाई देना आदि में भी इससे अच्छा लाभ होता है। दिमागी काम करनेवालों के लिए उत्तम ब्रेन टॉनिक है।

बैद्यनाथ सारिवाद्यरिष्ट—रक्त-शुद्धि की मशहूर दवा है। यह खून और पित्त की खराबी को मिटाता है। खून के जहर को जड़ से दूर करता है। यह जिगर (लीवर) के दोष और अम्लपित्त में भी फायदेमन्द है। यह फोड़े-फुन्सी, खाज-खुजली, चकत्ता, भगन्दर, हाथ-पैर, आँख, छाती की जलन, आमवात, वातव्याधि, अशुद्ध पारे के विकार, कुनाइन से पैदा हुआ उपद्रव, कमजोरी, खून की कमी आदि की उत्तम शास्त्रोक्त दवा है।

बैद्यनाथ सारिवाद्यासव—गुण-धर्म उपरोक्त सारिवाद्यरिष्ट के समान हैं।



प्रवाही क्वाथ

आयुर्वेदीय चिकित्सा में क्वाथों का बहुत महत्व है। यह बहुत गुणकारी एवं उपयोगी होते हैं। किन्तु, बनाने में झंझट के कारण इनका उपयोग बहुत कम होता है। अत: लोगों को इस झंझट से बचाने के लिए विशेष गुणकारी कुछ क्वाथों का 'प्रवाही क्वाथ' तैयार किया गया है।

बैद्यनाथ दशमूल काढ़ा—वात-रोगों तथा बच्चा होने के बाद स्त्रियों के लिए लाभदायक है।

बैद्यनाथ देवदार्वादि काढ़ा—प्रसूत-ज्वर में फायदेमन्द है।

बैद्यनाथ धान्यपंचक काढ़ा—आमातिसार और आमशूल में उपयोगी है।

बैद्यनाथ पुनर्नवादि काढ़ा—पाण्डु-रोग और सर्वाङ्ग-शोथ में उपयोगी है।

बैद्यनाथ महामंजिष्ठादि काढ़ा—रक्तातिसार में पूर्ण गुणकारी है।

बैद्यनाथ महारास्नादि काढ़ा—समस्त वात-रोगों में लाभकारी है।

बैद्यनाथ महासुदर्शन काढ़ा—विषमज्वर, मलेरिया, जीर्णज्वर आदि में लाभदायक है।



शरबत अर्क सिरके

अन्यान्य औषधियों की तरह शरबत-अर्क-सिरके भी गुणकारी होते हैं। औषधि के अनुपान रूप में इनका उपयोग किया जाता है। किन्तु, बाजार में उत्तम, विश्वासी शरबत, अर्क और सिरके नहीं पाये जाते ; सड़ी-गली चीजें मिलाकर अक्सर लोगों को धोखा दिया जाता है। अत: अपने चिकित्सकों, दवा-विक्रेताओं एवं प्रेमी ग्राहकों के विशेष आग्रह के कारण श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्रा० लि० ने इन्हें भी तैयार किया है। इनमें मूल वस्तुओं के सार तत्व के सिवा कोई दूषित मिलावट नहीं रहती। इनके असली और गुणकारी होने की गारण्टी है।

(सुगन्धित शरबत)

बैद्यनाथ अनार शरबत—ताजगी और तरावट से भरपूर।

बैद्यनाथ अंगूर शरबत—शक्ति-स्फूर्तिप्रद उत्तम पेय।

बैद्यनाथ केवड़ा शरबत—तरावट देता एवं सिर-दर्द और मिचली को दूर करता है।

बैद्यनाथ खस शरबत—पेशाब की जलन, दाह और पित्त-विकार में लाभदायक है।

बैद्यनाथ गुलाब शरबत—गर्मी के कुप्रभाव से शरीर को बचाता है और तृषा-निवारक है।

बैद्यनाथ चन्दन शरबत—पेशाब की जलन, दाह, कलेजे की गर्मी आदि में गुणकारी है।

(औषधि शरबत और अर्क)

बैद्यनाथ गुलबनफशा शरबत—सर्दी, जुकाम, खाँसी आदि में लाभदायक है। अनुपान में भी काम करता है।

बैद्यनाथ ब्राह्मी शरबत—गरम मौसम के लिए शीतल और सुमधुर पेय है। इससे दिल-दिमाग में ताजगी और शरीर में स्फूर्ति आती है। यह स्मरण-शक्तिवर्द्धक है।

बैद्यनाथ शंखपुष्पी शरबत—स्मरण-शक्तिवर्द्धक और मस्तिष्क को बलवान बनानेवाला अत्युत्तम शरबत है। इससे स्मरण-शक्ति की कमी दूर होती है।

बैद्यनाथ अजवायन अर्क—मन्दाग्नि, पेट-दर्द, मरोड़ और वायु-विकार में उत्तम है।

बैद्यनाथ उस्बा अर्क—खून साफ करने के लिए मशहूर है।

बैद्यनाथ गोरखमुण्डी अर्क—खून साफ करके फोड़ा-फुन्सी ठीक करने के लिए उत्तम है।

बैद्यनाथ दशमूल अर्क—प्रसूत-ज्वर, सन्निपात-ज्वर एवं वात-रोगों में लाभदायक है।

बैद्यनाथ पुनर्नवा अर्क—यह अत्यन्त मूत्र-विरेचक एवं शोथ-नाशक है।

बैद्यनाथ ब्राह्मी अर्क—स्मरण-शक्ति एवं बुद्धिवर्द्धक है।

बैद्यनाथ महामंजिष्ठादि अर्क—रक्त-वृद्धि के लिए प्रसिद्ध है।

बैद्यनाथ महासुदर्शन अर्क—मलेरिया, कुनाइन के अत्यधिक प्रयोग से अटके हुए बुखार आदि में फायदेमन्द है।

बैद्यनाथ सौंफ अर्क—आँव, पेचिश, मरोड़ में महोपकारी है।



सुगन्धित केश तैल

आयुर्वेदीय प्रतिष्ठान होने के नाते, लोक-कल्याण की भावना से, हम निम्नलिखित तैल भी बनाते हैं और इनकी विशुद्धता तथा मनोरंजकता का पूरा ध्यान रखते हैं। बैद्यनाथ तैलों में विशुद्ध तिल तैल और उत्तम मूल द्रव्य डालने की हमारी गारण्टी है।

बैद्यनाथ आँवला केश तैल (स्पेशल)—नित्य व्यवहार से बाल रेशम की तरह मुलायम और भौंरे की तरह काले हो जाते हैं।


बैद्यनाथ आँवला तैल—उत्तम सुगन्ध-युक्त तैल है। फायदेमन्द भी पूरा है।

बैद्यनाथ ब्राह्मी तैल (औषध-सिद्ध एवं सुगन्धित)—यह बुद्धि-स्मृति-वर्धक परम गुणकारी केश-तैल है।

बैद्यनाथ ब्राह्मी-आँवला तैल—यह तैल ब्राह्मी और आँवला के स्वरस से तैयार किया गया है। यह माथे को ठंडा रखने एवं बुद्धि तथा स्मरण-शक्ति बढ़ाने में उत्तम है।

बैद्यनाथ महाभृङ्गराज केश तैल (सुगन्ध-युक्त)—असमय में बाल का पकना, गिरना, गंज आदि को दूर कर केश को घना, काला बनाता है।

बैद्यनाथ हिमानी कल्याण तैल—ठंडा एवं सिर-दर्द-नाशक।



अंजन वर्ति सुरमा मंजन

बैद्यनाथ दन्तमंजन लाल—यह दन्त-रोग-नाशक आयुर्वेदीय दवाओं द्वारा तैयार किया जाता है। मसूढ़े से खून या मवाद का आना, मुँह से दुगन्ध आना आदि शिकायतें इससे मिटती हैं।

बैद्यनाथ दन्तमंजन सफेद—पायरिया-नाशक उत्तम मंजन है।

बैद्यनाथ दन्तमंजन काला—मुख-दुर्गन्ध और दन्तरोग-नाशक है।

बैद्यनाथ चन्द्रोदयावर्ति—नेत्र-रक्षक सुप्रसिद्ध आयुर्वेदीय औषधि है।

बैद्यनाथ नयनी (काजल)—आँखों को स्वस्थ रखती है।

बैद्यनाथ नेत्रामृत सुरमा—नेत्र-रोग-नाशक परमोत्तम सुरमा है।

बैद्यनाथ ममीरे का सुरमा—आँखों को शीतल रखता है।

बैद्यनाथ मोती का सुरमा—आँखें निर्मल और ठण्डी रहती हैं।

बैद्यनाथ हिमालय सुरमा—इससे नेत्र नीरोग रहते हैं।



आयुर्वेदीय-विविध एवं उपयोगी द्रव्य-समूह

इस प्रकरण में कुछ ऐसी आयुर्वेदीय औषधियों, उपयोगी मूल द्रव्यों और दवाओं के तैल का विवरण हम संक्षिप्त गुण-धर्म के साथ प्रस्तुत कर रहे हैं, जो बहुत ही लाभदायक और समय पर काम आनेवाले हैं। बैद्यनाथ-दवाओं के निर्माण में इनकी आवश्यकता हमें होती है, अतएव इनका संग्रह हमें प्रचुर मात्रा में बराबर अपने पास रखना पड़ता है और ग्राहकों की आवश्यकता को ध्यान में रखकर इन्हें बिक्री के लिए भी भेजा जाता है।

अम्बर—सुन्दर सुगन्धदायक और कफ-वायु-नाशक है।

बैद्यनाथ केवड़ा जल—दाह, जलन, तृषा-नाशक है।

बैद्यनाथ गुलाब जल—दिल-दिमाग को तरावट देता है।

बैद्यनाथ गिलोय सत्व—हाथ-पैरों की जलन, उष्णता, पित्तविकार में लाभदायक है।

बैद्यनाथ चौंसठप्रहरी पीपल—ज्वर-युक्त खाँसी, कफ, श्वास, दुर्बलता आदि में अकेले या वसन्तमालती रस के साथ लेने से लाभ होता है।

बैद्यनाथ शंखद्राव—अजीर्ण, मन्दाग्नि आदि उदर-विकारों की दवा है।

बैद्यनाथ महाशंखद्राव—उपर्युक्त से विशेष गुण-युक्त है।

बैद्यनाथ सुगंधित धूप—इस धूप को जलाने से घर का कोना-कोना सुगन्धित और रोग-कीटाणु-रहित हो जाता है। शुद्ध पूजा-पाठ और स्वास्थ्य-सुख की इच्छा रखनेवालों को इस धूप का रोजाना व्यवहार करना चाहिए।

गोरोचन—शीतवीर्य, कान्तिवर्धक और रक्त-दोष-नाशक है।

मधु आयु औ—शीत, लघु, ग्राही, अग्निदीपक नेत्र-हितकारी है।

चालमूँगरा का तैल—रक्त-विकार एवं चर्मरोग के लिए सर्वश्रेष्ठ दवा है। फोड़ा-फुन्सी में लगाने और रक्त-विकार में खाने से लाभ होता है।

मालकाँगनी (ज्योतिषमती) तैल—वात-नाशक एवं नेत्र-ज्योति-वर्द्धक है।

नीम का तैल—खाज-खुजली, फोड़ा-फुन्सी में लाभदायक तथा कीटाणु-नाशक है।

बादाम का तैल—दिमागी ताकत के लिए खाया और लगाया जाता है।

बैद्यनाथ दशांग लेप—दुष्ट व्रण, फोड़े-फुन्सी, विसर्प, तेज बुखार और सिर की पीड़ा में लेप करने से यूडीकोलन की तरह आराम मिलता है।

अजवायन तैल—मन्दाग्नि, अजीर्ण और पेट-दर्द में लाभदायक।

विशुद्ध एरण्ड तैल—वायु-प्रधान कोष्ठवालों के लिए उत्तम जुलाब।

चन्दन का तैल—पेशाब की जलन, कड़क आदि में गुणकारी।

सौंफ का तैल—आँव-पेचिश, दस्त आदि में लाभदायक।

नीलगिरि तैल—सर्दी-जुकाम में सूंघने से कफ बाहर निलकता है।

दालचीनी का तैल—सिर-दर्द में परम उपयोगी।

पिपरमेण्ट का तैल—अजीर्ण-नाशक और सिर-दर्द में लाभदायक।

लवंग का तैल—दाँत-दर्द और वायु-नाशक।

ग्लूकोज—इसके व्यवहार से रोगी का बल बना रहता है और रोग का सामना करने में वह सक्षम होता है। छोटी उम्र के बच्चों के लिए तो यह एक पौष्टिक खाद्य है।

बैद्यनाथ बार्ली—रोगियों के लिए पथ्य और बच्चों के लिए सुपाच्य खाद्य है।

क्लोरोडिन बी. पी. सी.—दस्त, आँव, पेचिश, मरोड़ और पेट की ऐंठन की घरेलू दवा तथा बच्चो के हरे-पीले दस्तों में गुणकारी है।

टिंचर आयडिन आई. पी—चोट, सूजन, गिल्टी पर लाभदायक।

जो नुस्खे अत्यन्त गुणकारी सिद्ध हुए हैं, उन्हें अनुभूत औषधियों के नाम से हमने प्रचलित किया है। भारतवर्ष के प्रधान वैद्यराजों से अनुमोदन-प्राप्त ये योग जनता के लिए बड़े उपयोगी सिद्ध हुए हैं; क्योंकि इनके सेवन से लोग आसानी से रोग-मुक्त हो जाते हैं।

इन दवाओं में कोई विषैली या तेज दवा नहीं डाली जाती। प्रत्येक दवा के साथ उनकी छपी हुई सेवन-विधि, पथ्य-परहेज के नियम और उनके नुस्खे दिये जाते हैं। आयुर्वेदीय दवाओं के साथ-साथ इन अनुभूत औषधियों को भी हमारे अधिकृत बिक्रेता बेचते हैं। आपको जिस किसी दवा की जरूरत हो, हमारे अधिकृत विक्रेताओं से खरीदिये।

वैद्यनाथ अनुभूत औषधियाँ

वैद्यनाथ Baidyanath वैद्यनाथ अनन्त सालसा

यह बहुत ही अच्छा सालसा है। इसके सेवन से खून की खराबी दूर होती है, शरीर पुष्ट होता है और शरीर में नया खून बनता है। अशुद्ध पारे के व्यवहार से खून बिगड़ कर शरीर में अनेक रोग पैदा हो जाते हैं। वैद्यनाथ अनन्त सालसा उस हालत में भी उपयोगी है। इससे खाज-खुजली, फोड़ा-फुन्सी, कमर और जोड़ों के दर्द, चमड़े का फटना, सिर के बालों का गिरना आदि शिकायतें दूर होती हैं।

वैद्यनाथ Baidyanath वैद्यनाथ अर्क कपूर

हैजे की प्रारम्भिक अवस्था में इसके व्यवहार से दस्त और कै थोड़ी देर में बन्द हो जाते हैं, ऐंठन मिट जाती है, प्यास कम हो जाती है और हाथ-पैर में गर्मी आकर रोगी को नींद आ जाती है। १-२ बूंद वैद्यनाथ अर्क कपूर लेते रहने से हैजा होने का भय नहीं रहता।

वैद्यनाथ Baidyanath वैद्यनाथ अर्क पुदीना

यह पुदीना की ताजी-हरी पत्तियों का सत्त है। रंग और खुशबू ठीक, हरी पत्तियों जैसी है। पेट फूलना, खट्टी डकार आना, अजीर्ण, जी मिचलाना, भूख कम लगना, पेट-दर्द आदि के लक्षण में इससे फायदा होता है। बच्चों के हरे-पीले दस्त और दाँत उठने के समय के अपच में भी लाभदायक है। यह समय पर बहुत काम आता है।

वैद्यनाथ Baidyanath वैद्यनाथ आइ-आँख

दुखती आँखों की बढ़िया दवा। हिन्दुस्तान गर्म देश है। यहाँ धूल भी बहुत उड़ती है, जिससे आँख आने का रोग अक्सर होता रहता है। आँख आने पर आँख में दर्द होने लगता है, सूजन, लाली, पानी गिरना, चिपकना, जलन आदि उपद्रव हो जाते हैं, जिससे रोगी को बहुत कष्ट होता है। इसके लिए वैद्यनाथ आइ-आँख बहुत ही उपयोगी और जल्द फायदा देनेवाली दवा है।



इसबगोल, बेल, कुटज आदि आँवनाशक दवाओं के योग से यह दवा बनी है, जो आँव, पेचिश, मरोड़, आमातिसार, खून के दस्त (डिसेन्ट्री), कब्जियत आदि में बहुपरीक्षित एवं उपयोगी है। पुराना आमांश होने से पेट में वायु का प्रकोप होने और गैस बनने पर यह तत्काल लाभ करता है।




एक्जिमा (विचर्चिका) हाथ-पैर के अगले हिस्सों में हो जाता है। रोग बढ़ने पर इसमें त्वचा पर काला-काला दाग जैसा दिखाई पड़ता है और उसमें पानी आता है। इस रोग पर बैद्यनाथ एक्जिमा मलहम लगाने से एक्जिमा जल्द आराम होता है।



खाँसी नई हो या पुरानी, कफवाली हो या सूखी, कठिन हो या मामूली, किसी तरह की भी क्यों न हो, बैद्यनाथ कफ-मिक्सचर की ३-४ खुराक पीते ही लाभ होने लगता है। इसके व्यवहार से कफ बाहर निकल जाता है और सर्दी, जुकाम जल्दी ठीक हो जाता है।



बच्चों के पेट में गोल व लम्बे कई तरह के कीड़े पैदा हो जाते हैं, जिससे उनका खून सूख जाता है, आँखें सफेद हो जाती हैं और बदहजमी होने लगती है। नाक और गुदा में खुजली होती रहती है। बच्चे सोते समय दाँत किटकिटाते और चौंक उठते हैं। बच्चों के पेट के कीड़ों को दूर करने के लिए बैद्यनाथ कृमिहर सिरप बहुत उपयोगी व निर्दोष दवा है।




खाँसी मामूली रोग होने पर भी पुरानी हो जाने से दमा, तपेदिक आदि रोग पैदा करती है। बालकों को तो खाँसी बहुत ही बेहाल कर देती है, इसलिए खाँसी होते ही बैद्यनाथ कासामृत पिलाइये, बहुत जल्द रोग से छुटकारा मिल जायेगा।



कान के भीतर मैल जमा होने, फोड़ा-फुन्सी होने तथा चोट आदि लगने से कान में दर्द होने लगता है और बड़ी बेचैनी रहती है। इस प्रकार की शिकायत बच्चों को अक्सर होती है। ऐसी हालत में यह दवा कान में डालनी चाहिए। इसके व्यवहार से कान के फोड़े-फुन्सी दूर होंगे और दर्द से राहत मिलेगी।




कान बहने की बीमारी बहुधा बच्चों और कभी-कभी बड़ी उम्र के स्त्री-पुरुषों को हो जाती है। पहली दशा में कान से इतनी बदबू आती है कि कान बहने का रोगी जहाँ खड़ा हो जाता है, वहाँ उसके पास के सभी आदमी उससे बबड़ा जाते हैं। पुराना हो जाने पर बदबू मिट जाती है। बड़ी खोज के बाद वैद्यनाथ कानपी नाम की दवा कान बहने के रोग के लिए बनाई गई है।




गले की खराबी, अचानक सर्दी, नजला आदि किसी भी कारण से हुई खाँसी में इस टेबलेट को चूसने से शीघ्र लाभ होता है।



सर्दी, जुकाम, उदर-रोग आदि के कारण गले की टॉन्सिल बड़ी और प्रदाहयुक्त हो जाती है। इससे गले में सुरसुराहट होकर खाँसी बहुत होती है। कफ बिल्कुल नहीं निकलता। किसी-किसी को उल्टी भी हो जाती है। मन्द-मन्द ज्वर रहता है। बालकों को यह रोग अक्सर हुआ करता है और बहुत दिनों तक बना रहता है। ऐसी हालत में वैद्यनाथ गुल्लरीन बहुत ही उपयोगी है।



यह मिक्सचर बच्चों के लिए बहुत गुणकारी है। छोटे बच्चों को अपच, मरोड़ और अफरा की शिकायत अक्सर हुआ करती है। दाँत निकलते वक्त उनकी यह शिकायत और अधिक बढ़ जाती है। इस अवस्था में इसके व्यवहार से उन्हें बहुत ही आराम मिलता है और उनकी हाजमा-शक्ति बढ़ जाती है।



यों तो घाव और फोड़े-फुन्सी में लगाने के लिए अनेक तरह के पेटेन्ट मलहम बाजार में मिलते हैं; किन्तु यह मलहम उन सबों में अच्छा है। इसके लगाने से घाव शीघ्र सूखकर अंकुर भरता है और नया मांस पैदा होता है। इससे सड़े-गले तथा पुराने घाव जल्द आराम होते हैं। सूखी और पीबदार खुजली में भी यह लाभदायक है।



इस दवा के लगाने से त्वचा पर होनेवाली तरह-तरह के रोग, जैसे—घाव, अपरस, फुन्सी, खाज-खुजली आदि जल्द आराम होते हैं। चर्म-रोगों में विशेष फायदा करनेवाली दवाओं को इस दवा में सम्मिलित किया गया है। खाज-खुजली आदि चर्म-रोगों से परेशान लोग इस दवा का व्यवहार करें, इससे उन्हें अवश्य आराम मिलेगा।



जन्म के बाद से ही बच्चों को इसका सेवन कराने से उनके स्वास्थ्य में कोई गड़बड़ी नहीं होती। इससे बुखार, खाँसी, सर्दी, जुकाम, अजीर्ण, उल्टी होना, टट्टी होना, पेट फलना आदि रोग दूर होते हैं। बैद्यनाथ जन्मघूँटी को सुमधुर अर्क-रूप में तैयार किया गया है, अतएव, छोटे-मोटे बच्चों को भी पिलाने में सहूलियत रहती है।




सर्दी-जुकाम होने से नाक व गले की झिल्ली का प्रदाह होता है। इससे छींकें आती हैं, नाक बहती है, सिर-दर्द व खाँसी होती है। इसके लिए वासकमूल, मुलेठी, गुलबनफ्शा, गाजवाँ, खूबकलाँ इत्यादि दवाएँ बहुत उपयोगी हैं। इन्हीं जड़ी-बूटियों के योग से निर्मित यह औषधि सर्दी-जुकाम में गुणकारी है।



इस दवा से नई या पुरानी-किसी तरह की तिल्ली (प्लीहा) क्यों न हो, जल्द आराम होती है। तिल्ली के कारण होनेवाले बुखार, कब्जियत, सिर-दर्द, भूख न लगना, खून की कमी, शरीर का पंजर-मात्र रह जाना आदि सभी शिकायतें दूर हो जाती हैं। इस दवा के खाने के बाद काला दस्त होगा, भूख बढ़ेगी और शरीर में नई ताकत पैदा होगी।



पायरिया के कारण मसूढ़ों से खून गिरना, दाँतों का हिलना या गिर-जाना, मसूढ़ों को दबाने से मवाद दिखाई देना और मुँह से दुर्गन्ध आना आदि लक्षण पैदा हो जाते हैं। पायरिया रोग का जहर निरन्तर पेट में जाता रहता है, जिससे बहुत जल्द कब्ज और बद-हजमी की बीमारी हो जाती है। बैद्यनाथ दन्तवेष्टारि इस अवस्था के लिए अति उपयोगी दवा है।



सर्दी, जुकाम, इन्फ्लुएंजा, अधकपारी, मलेरिया ज्वर की बेचैनी आदि में यह तुरन्त आराम देता है। वायु के कारण होनेवाले जोड़ों के दर्द, दाँत-दर्द आदि में भी इससे फायदा होता है।



काम-काज, सर्दी-जुकाम, इन्फ्लुएंजा, मलेरिया आदि किसी कारण से सिर-दर्द या अधकपाली हो, इसके व्यवहार से तुरन्त शान्ति मिलती है। मौसम बदलने, पानी से भींग जाने या तेज सर्दी-गर्मी से होनेवाले सिर-दर्द में भी यह लाभदायक है।



आजकल दाद की जितनी दवाएँ चली हैं, वे सब मलहम के रूप में ही बिकती हैं; किन्तु बड़े परिश्रम और खोज के बाद इसे पानी के रूप में तैयार किया गया है। यह त्वचा के भीतर पहुँचकर दाद के कीड़ों को नष्ट कर देती है। इस दवा के लगाने पर दुबारा दाद होने का भय नहीं रहता और कपड़ा पर दाग भी नहीं लगता।



बिना किसी तरह की तकलीफ के दाद को जड़-मूल से नष्ट करनेवाली दवाओं में वैद्यनाथ दाद-मलहम बहुत उत्तम दवा है। इस दाद को दादवाली जगह पर कुछ दिनों तक लगातार लगाते रहना चाहिए; दाद की जड़ में पहुँच कर यह दवा दाद के कीटाणुओं को सदा के लिए दूर कर देती है।




जब दाँत का दर्द बढ़ जाता है, तब रोगी बेचैन हो जाता है, खाने-पीने में कष्ट होने लगता है और उसे किसी तरह आराम नहीं मालूम होता है। वैद्यनाथ दाँत-दर्द की दवा लगाते ही मुँह से लार गिरकर तुरन्त आराम मिलता है।



वैद्यनाथ धारा, खाने और लगाने दोनों रूप में प्रयुक्त होती है। बुखार, खाँसी, दमा, हिचकी, कै-दस्त, हैजा, बदहजमी, पेट-दर्द, अरुचि, सर्दी, जुकाम, निमोनिया, संग्रहणी आदि रोगों में दवा खिलाने से और चोट, मोच, जलन, कटना, वायु के दर्द, जहरीले जानवरों के डंक मारने, सिर-दर्द आदि में लगाने मात्र से लाभ होता है। इसकी एक शीशी घर और सफर में हमेशा साथ रखना चाहिए।



भारतवर्ष गर्म देश है। यहाँ आँखों के रोग बहुत होते हैं। गर्मी के मौसम में खासकर आँखें उठती हैं, लाल हो जाती हैं और उनमें बड़ी वेदना होती है। यदि तुरन्त इसका उपाय नहीं किया गया, तो महीनों तक वे अच्छी नहीं होतीं। वैद्यनाथ नेत्र-रक्षक ऐसी हालत में बहुत गुणकारी। है अनेकानेक नेत्रोपयोगी दवाएँ डालकर इसे तैयार किया गया है।



सिर में भयानक दर्द हो, पसली या कमर में दर्द हो, गर्दन घुमाने में तकलीफ हो, कहीं चोट लग गई हो, किसी जानवर ने डंक मार दिया हो, सूजन हो, दाँत में दर्द हो, सर्दी-खाँसी या निमोनिया की शिकायत हो, तो इसके लगाने से तुरन्त आराम मिलेगा। सिर-दर्द में यह बहुत उपयोगी है।




वैद्यनाथ प्राणदा से हर साल मलेरिया बुखार के लाखों रोगी प्राण-दान पाते हैं; इसलिए इसका नाम प्राणदा बिल्कुल सही है। हिन्दुस्तान के गाँव-गाँव और कस्बे-कस्बे में यह दवा मशहूर है। इकतरा, तिजारी, चौथिया, फसली, जूड़ी-पारी का बुखार, बरवट और तिल्ली, मलेरिया के ही भेद हैं। मलेरिया बुखारों की हर हालत में यह तुरन्त फायदा पहुँचाता है। बुखार के बाद भी दवा पीने से बुखार फिर लौटने का भय नहीं रहता है।




यह बवासीर के मस्से पर लगाने के लिए श्रेष्ठ मलहम है। बवासीर खूनी हो या बादी, इस मलहम के व्यवहार से तुरन्त फायदा होता है। मस्सों की जलन और वेदना शान्त हो जाती है और मस्से सूख जाते हैं, जिससे पाखाना होते समय उनके छिलने का भय नहीं रहता।




क्षीणता के कारण बच्चे पनपते नहीं, अपच बना रहता है, दूध पीते हैं और उल्टी कर देते हैं, कब्जियत बनी रहती है, दस्त गाढ़ा या पतला होता है, पेट निकल आता है, दुर्बलता बढ़ जाती है. दाँत बड़ी तकलीफ से निकलते हैं, आयु बढ़ने के साथ-साथ बच्चों का शरीर पुष्ट नहीं होता, फुर्ती के साथ चलने-फिरने, खड़े होने या खेलने नहीं पाते, सुस्त और ढीले बने रहते हैं, जरा-सी ठण्ड से कफ, खाँसी, सर्दी हो जाती है। इन सब में वैद्यनाथ बालामृत बड़ा लाभदायक सिद्ध होता है। मीठा, खुशबूदार होने के कारण बच्चे इसे खुशी-खुशी पीते हैं।




कोष्ठबद्धता आजकल की एक आम बीमारी है। लोगों को उससे बचाने के लिए इस दवा का आविष्कार किया गया है। इसको रात को सोते समय गर्म दूध या जल से लें। सबेरे एक या दो दस्त साफ आयेंगे, पेट हल्का रहेगा, भूख खुलकर लगेगी एवं शरीर स्वस्थ और मन प्रसन्न रहेगा।



बिच्छू के डंक मारने पर दर्द और बेचैनी के मारे लोग रोने-चिल्लाने लगते हैं। विषधर बिच्छू के डंक मारने से बेहोशी भी आ जाता है। ऐसे मौके के लिए यह दवा बहुत लाभदायक है। इससे दर्द दूर होता है और बिच्छू का जहर उतर जाता।



यह जाड़ा या कँपकँपी देकर आनेवाले मलेरिया बुखार की उपयोगी दवा है। जूड़ी, शीत लगकर आनेवाला पारी का बुखार, इकतरा, तिजारी, चौथिया आदि किसी भी तरह का ज्वर हो, इसके सेवन से आराम होता है। पहले जुलाब की दवा खाकर पेट साफ कर लेने से दवा जल्द असर करती है। कुनाइन की गोलियों की जगह इसका व्यवहार करें।





दुर्घटना कहकर नहीं आती। उससे बचने के लिए यह तैल हर घर में रहना चाहिए। आग से जलना, चोट या मोच, वायु का दर्द, कान का दर्द या बहना, फोड़ा-फुन्सी, सूजन और पसली का दर्द—इन सात तकलीफों को यह जल्द दूर करता है और समय पर बहुत काम आता है।




आग से जलने या झुलसने, खेल-कूद तथा मार-पीट से या किसी प्रकार की चोट से जख्मी होने, बिच्छू, बर्रे आदि जहरीले जानवरों के डंक मारने, पसली या शरीर के किसी भी भाग में दर्द होने आदि पर यह मलहम बहुत उपयोगी है। इसके व्यवहार से रोगी को कुछ मिनटों के भीतर ही चैन मिलता है और घाव २-४ दिन में आराम होने लगता है।

वैद्यनाथ आयुर्वेदीय अनुभूति औषधियाँ




इसके सेवन से चेहरा लाल हो जाता है, वजन बढ़ता है तथा नया स्वास्थ्य और शक्ति प्राप्त होती है। यह जिगर और मेदे को ताकत देता है, भूख और हाजमे को बढ़ाता है तथा खून की कमी, पाण्डु, पेट के रोग, कफ, खाँसी आदि को दूर करता है। पूरा फायदा के लिए जाड़े के मौसम भर इसे खाना चाहिए।



अम्लपित्त रोग होने से खट्टी डकारें, खट्टा पानी मुंह में आना, छाती व गले में जलन, खाने के बाद पेट-दर्द या बेचैनी, कब्जियत, बदहजमी आदि लक्षण प्रकट होते हैं। अधिक भोजन करने से अजीर्ण की शिकायत होती है और रोग पुराना होने से पेट के भीतर घाव हो जाता है। अम्लपित्त रोग के लिए बैद्यनाथ अम्लपितान्तक योग बहुत अच्छी दवा है।



हाजमा को बढ़ानेवाली उत्तमोत्तम दवाओं के योग से यह चूर्ण तैयार किया गया है। इसके व्यवहार से अपच, आफरा, खट्टी डकार का आना आदि अजीर्ण-सम्बन्धी सभी शिकायतें तुरन्त दूर होती हैं। खाए हुए पदार्थों के परिपाक में यह बेजोड़ है। स्वादिष्ट और जायकेदार भी खूब है।



आँवले में विटामिन सी और बी. सन्तरे आदि गुणकारी फलों से भी अधिक रहते हैं। उन्हीं आँवलों के चूर्ण को १०० बार ताजे आँवले के रस में भावना देकर यह रसायन तैयार होता है। यह आयुर्वेद-शास्त्रों में लिखा हुआ पुराना नुस्खा और पौष्टिक रसायन है। इसके नियमित सेवन से दुर्बलता, सुस्ती, उदासी, कब्जियत, अम्लपित्त आदि अनेक रोग दूर होते हैं।



बैद्यनाथ कफ-मिक्सचर से यदि लाभ न हो तो समझना चाहिए कि खाँसी गले की खराबी से पैदा हुई है। ऐसी हालत में बैद्यनाथ कास बटी चूसने से तुरन्त लाभ होगा। यह गले की खराबी को ठीक करके खाँसी को जल्द दूर करती है।



आहार-विहार के बिगड़ जाने से अपच होकर पेट में गैस पैदा हो जाती है। वायु प्रतिलोम होने से दिल-दिमाग पर बुरा असर होता है, अपान वायु बन्द हो जाती है, तबियत घबराती है और लगता है जैसे हृदय की धड़कन बन्द हो जायगी। इन सब में बैद्यनाथ गैसान्तक वटी तत्काल लाभ करती है। यह अग्नि को बढ़ाकर अजीर्ण को दूर करती है, वायु का अनुलोमन करके चित्त में प्रसन्नता लाती है।



गुण उपर्युक्त के समान है। पेट की गैस को निकालने के साथ-साथ यह हाजमा की ताकत को बढ़ाता तथा कब्जियत को भी मिटाता है।



ग्रहणी एक बहुत कठिन रोग है। जब खाए हुए अन्न का पाक नहीं होता, तब दस्त आने लगते हैं। दस्त में आँव का भाग अधिक होता है। रोगी दिन-दिन क्षीण होता जाता है। भूख लगती है, परन्तु खाते ही दस्त होने लगते हैं। इस वटी के सेवन से संग्रहणी रोग जल्द आराम होता है।



यह दिल-दिमाग की ताकत के लिए बहुत उपयोगी है। स्वर्ण, अम्बर, कस्तूरी, पन्ना, मुक्ता आदि बहुमूल्य वस्तुओं के योग से यह तैयार होता है और कठिन तथा पुराने रोगों में काम आता है। बैद्यनाथ जवाहर मोहरा वास्तव में जवाहर मोहरा ही है।




गुण जवाहर मोहरा नं० १ के समान है। स्वर्ण रहित होने के कारण कुछ देर से लाभ पहुँचाता है। वनऔषधिप्रेमी को इसका व्यवहार करना चाहिए।




आयुर्वेद-शास्त्र में आयु को स्थिर रखनेवाले पदार्थों में आँवला प्रधान है। ताजे, हरे आँवलों में अष्टवर्ग, मकरध्वज, अभ्रक भस्म, प्रवाल भस्म, केशर, चाँदी-वर्क तथा रसायन और जीवनीय वर्ग की उत्तमोत्तम औषधियों के योग से यह रसायन तैयार होता है। इसके सेवन से सब प्रकार की दुर्बलता, कब्जियत, अग्निमान्द्य, कैल्शियम एवं खून की कमी, सुस्ती आदि रोग दूर होकर शरीर हृष्ट-पुष्ट हो जाता है। इसको हर आदमी हर मौसम में सेवन कर सकता है।




वर्तमान समय में जीवन-संघर्ष कठिन होने के साथ संतुलित भोजन और ब्रह्मचर्य के अभाव में दिमाग कमजोर हो जाता है और काम में भूलें होती हैं। याददाश्त कमजोर हो जाती है, बुद्धि में भ्रम होता है, अकारण चिन्ता और भय सताता रहता है। इन सभी लक्षणों में इस रसायन के सेवन से जल्द मानसिक बल प्राप्त होता है।




सर्पगन्धा भारतवर्ष की एक सुप्रसिद्ध और गुणकारी जड़ी है। ग्रामीण भाषा में इसे धनबरवा भी कहते हैं। यह बिना नशा के गहरी नींद लाती और दिमाग को नीरोग रखती है। इसी जड़ी में मकरध्वज आदि स्नायु-पुष्टिकारक उत्तमोत्तम दवाएँ मिलाकर और ब्राह्मी के रस की भावना देकर बैद्यनाथ दिमाग दोषहरी की टिकिया बनाई गई है, जो बहुत गुणकारी है।




बैद्यनाथ नमक सुलेमानी पूर्ण यूनानी पद्धति से तैयार की गई है। यह खाने में बहुत ही स्वादिष्ट और गुण में उत्कृष्ट है। इसके व्यवहार से अरुचि दूर होती है और अपच, पेट का दर्द या मरोड़, तिल्ली, जिगर आदि बीमारियों में बहुत आराम पहुँचता है।



नेत्राभिष्यन्द (Conjunctivitis) आयुर्वेदानुसार एक संक्रामक नेत्र रोग है। इस रोग में आँखों की कोमल तथा पतली कलाओं में प्रदाह हो जाता है, जिससे वे लाल हो जाती हैं और उनसे पानी गिरने लगता है। आँखें सूज जाती हैं तथा उनमें भयंकर पीड़ा होती है। यदि समय रहते इसका उचित उपचार नहीं किया जाय तो भयंकर नेत्ररोग होने की आशंका रहती है। इस रोग का प्रभाव लगभग एक सप्ताह तक रहता है। बैद्यनाथ नेत्र रोगारि के प्रयोग से आप इस संक्रामक रोग से अपनी रक्षा निश्चित तौर पर कर सकते हैं।



दिमागी परिश्रम करनेवालों तथा अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के लिए यह एक उत्तम दिमागी टॉनिक है। इसके व्यवहार से स्मृति-शक्ति की वृद्धि होती है और विस्मृति आदि रोग दूर होते हैं।



मध्य-भारत में गुड़मार नामकी एक वनस्पति होती है जिसके खाने पर किसी भी मीठी वस्तु का स्वाद नहीं मालूम होता। उसी गुड़मार बूटी के साथ अन्य गुणकारी औषधियाँ तथा स्वर्ण भस्म मिलाकर यह योग तैयार किया जाता है। इसके व्यवहार से पेशाब में चीनी आने पर बड़ा लाभ होता है।



हाजमा खराब हो जाने से छाती और कंठ में जलन होती है, खट्टी और वायु की डकारें आती हैं, जी मिचलाता है, भोजन के बाद सुस्ती आती है और शरीर में उचित मात्रा में खून तैयार न होने से रोगी कमजोर हो जाता है। अन्न को पचाने में तेज, उत्तम आयुर्वेदीय दवाओं के योग से इसे तैयार किया गया है। इससे अन्न जल्दी हजम होता है, भूख खुलकर लगती और शरीर में खून बनता है।



आयुर्वेद की एक दिव्य औषधि होने के कारण हमने इसे पूर्ण वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत किया है। इसमें केवल मादकता ही नहीं है। बाजारू मृतसंजीवनी सुरा की अपेक्षा यह कई गुना अधिक गुणदायक है। इनके सेवन से शरीर में नई ताकत आती है और अनेक तरह के रोग दूर होते हैं। प्रसूता स्त्रियों को सेवन करने से प्रसूत की तमाम शिकायतें दूर होकर नूतन शक्ति प्राप्त होती है।




हैजा, मूत्रकृच्छ आदि बीमारियों में अक्सर पेशाब रुक जाता है और रोगी को बड़ी बेचैनी और तकलीफ होती है। ऐसी अवस्था में पेशाब उतारने के लिए एलोपैथिक चिकित्सक कैथेडर का इस्तेमाल करते हैं। किन्तु, आयुर्वेद में पेशाब उतारने की अनेकानेक सहज और उत्तम दवाइयाँ हैं। बैद्यनाथ मूत्रल पाउडर से पेशाब उतारने में बड़ी सहायता मिलती है। यह अम्लपित्त में भी लाभदायक है।



महामंजिष्ठादि काढ़ा में उस्वा, चोपचीनी आदि खून साफ करने वाली वनस्पतियाँ मिलाकर यह घनसत्व तैयार किया गया है और प्रत्येक खुराक में १ रत्ती शुद्ध गंधक भी मिलायी गयी है। इसके खाने से रक्त-विकृति के रोग शीघ्र दूर होते हैं। खाज-खुजली, पामा, फोड़ा, फुन्सी, एक्जिमा आदि खून की खराबी से होनेवाले सभी रोग आराम होते हैं।



कैल्शियम से ही शरीर की हड्डियाँ पुष्ट और सुदृढ़ बनती हैं। खासकर बच्चों के शरीर के विकास के लिए अन्य तत्वों के साथ-साथ उन्हें उत्तम कैल्शियम की बड़ी आवश्यकता रहती है। वैद्यनाथ लाइम वाटर से उन्हें उत्तम कैल्शियम तो मिलता ही है, साथ-ही-साथ इसके व्यवहार से उनकी पाचन-शक्ति बढ़ती है और दूध अच्छी तरह हजम होता है।



यकृत् के खराब होने से भोजन का पाक अच्छी तरह नहीं होता और बवासीर, संग्रहणी, पेचिश, मन्दाग्नि, कब्जियत, मन्द-ज्वर, खून की कमी, पाण्डु आदि अनेक रोग पैदा हो जाते हैं। बच्चों का जिगर अक्सर बढ़ जाता है, जिससे बच्चा बराबर रोगी और कमजोर बना रहता है। यकृत्-दोष से उत्पन्न होनेवाले रोगों के लिए वैद्यनाथ लीवरोल परीक्षित दवा है।




वर्षों के अनुसन्धान तथा अनुभव के पश्चात् रक्त-दोषों के लिए यह श्रेष्ठ औषधि बनाई गई है। विदेशों से भी इस दवा की माँग आती रहती है। सभी तरह के रक्त-दोषों की यह लाभकारी औषधि है। सरकारी संस्थानों द्वारा परीक्षित एवं प्रशंसित हो चुकी है।



यह दमा (कास) रोग की बहुत अच्छी दवा है। इस दवा का कुछ दिन तक बराबर सेवन करने से दमा-रोग में स्थायी फायदा होता है। जो लोग धतूरा, अफीम आदि अनेक तरह की विषैली, देशी वस्तुएँ तथा विलायती दवा खाकर निराश हो चुके हैं, वे वैद्यनाथ श्वासकल्प का सेवन एक बार अवश्य करें।




हर्रे के गुणों को सब कोई जानते हैं। जिन लोगों को बराबर कब्ज की शिकायत रहती है, वे प्रायः छोटी हर्रे का सेवन किया करते हैं। परन्तु छोटी हर्रे की अपेक्षा शोधी हुई यह हर्रे विशेष लाभदायक तथा खाने में निहायत जायकेदार है।



सर्पगन्धा इस देश की एक सुप्रसिद्ध और बहुत गुणकारी जड़ी है। रक्तचाप को कम करनेवाली अनेकानेक विदेशी दवाइयाँ जो आज बाजार में विविध नामों से बिक रही हैं, वे सभी इसी जड़ी के आविष्कार हैं। वैद्यनाथ सर्पगन्धा टेबलेट भी उसी जड़ी से पूर्ण शास्त्रीय विधि द्वारा तैयार किया गया है। इसके व्यवहार से मानसिक अशान्ति मिटती है और रोगी को गहरी नींद आती है।



आयुर्वेद-शास्त्र में स्त्री-रोगों के लिए अनेक प्रकार की उत्तमोत्तम लाभदायक दवाएँ हैं और उन्हीं दवाओं के योग से यह दवा तैयार की गई है। यह स्त्रियों के लिए बहुत फायदेमन्द है और उसके क्षीणहीन शरीर को पुष्ट और सुन्दर करती है। इससे खाँसी, आँख और हाथ-पैर के तलवों की जलन, पेट-दर्द, सिर का भारीपन, खून की कमी आदि दूर होते हैं एवं नया जीवन प्राप्त होता है।



रक्त की खराबी से होनेवाले रोगों की यह अनुभूत महौषधि है। इसके व्यवहार से खाज-खुजली, फोड़ा-फुन्सी, एक्जिमा आदि सभी तरह के चर्म और रक्त-रोग जड़-मूल से दूर होते हैं। इसमें प्रयुक्त होनेवाली सभी जड़ी-बूटियाँ रक्त को शुद्ध करनेके लिए सुप्रसिद्ध हैं।



यह भूख और रुचि बढ़ानेवाली दवाओं के योग से तैयार किया गया है। भोजन के बाद ५-७ मुनक्का खाने से अन्न अच्छी तरह हजम हो जाता है। इसे एक बार खाने पर बार-बार खाने को जी चाहता है।



भूख लगानेवाली यह बटी उत्तमोत्तम आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से तैयार की गई है। भोजन के बाद दो-एक वटी खाने से अन्न अच्छी तरह हजम होता है और चित्त प्रसन्न रहता है। यह खाने में खूब जायकेदार भी है।

सचित्र आयुर्वेद

[आयुर्वेद का सबसे अच्छा और सबसे सस्ता सुसम्पादित सचित्र मासिक पत्र]

इकरंगे-बहुरंगे चित्रों से विभूषित १०० पृष्ठ के इस परमोपयोगी मासिक पत्र का वार्षिक चन्दा ५.०० और एक प्रति का ०.५० मात्र। वैद्यनाथ-प्रतिष्ठान और आयुर्वेद-विज्ञान की गतिविधियों से अवगत रहने के लिए आयुर्वेदविज्ञान के प्रेमी जनसाधारण के अतिरिक्त बैद्यनाथ-दवाओं के प्रत्येक अधिकृत विक्रेता को इसका ग्राहक बनना चाहिए।

श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्रा० लि०,
बैद्यनाथ भवन रोड, पटना—१

बैद्यनाथ आयुर्वेदीय प्रकाशन



यह कारखाना केवल औषधि-निर्माता ही नहीं है। शुद्ध अर्थ में यह एक आयुर्वेदीय प्रतिष्ठान है। इसका मूल उद्देश्य है भारतीय चिकित्सा-पद्धति आयुर्वेद का प्रतिसंस्कार और उसके स्वाभाविक मानव-कल्याणकारी गुणों, उसकी विशेषताओं और चिकित्सा-प्रणाली से जनता को लाभान्वित करना। औषध और ग्रन्थ, दोनों इसके साधन हैं। इसलिए एक ओर जहाँ इसने उत्तमोत्तम औषधि-निर्माण द्वारा आयुर्वेद की विशेषता को प्रमाणित करने की चेष्टा की है, वहीं दूसरी ओर प्रामाणिक ग्रन्थों के प्रकाशन का भी समुचित प्रवन्ध किया है।

अष्टांग-संग्रह (सूत्रस्थान) सर्वांग सुन्दरी व्याख्या-सहित। व्याख्याकार: वैद्य पं० लालचन्द्र शास्त्री। इस महत्वपूर्ण ग्रंथ की अब तक कोई ऐसी टीका हिन्दी में नहीं थी, जिससे संस्कृत के सामान्य ज्ञान रखनेवाले वैद्य तथा आयुर्वेद-प्रेमी जन लाभान्वित होते। इसी कमी की पूर्ति और आयुर्वेद की अभिवृद्धि की दृष्टि से भवन ने इस अभिनव ग्रंथ का प्रकाशन किया है।

आरोग्य प्रकाश (पन्द्रहवाँ संशोधित संस्करण)—बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्राइवेट लि० के मैनेजिंग डायरेक्टर वैद्यराज पण्डित रामनारायण शर्मा ने अनेक वर्षों के अथक परिश्रम के पश्चात् इस महान् ग्रन्थ—आरोग्य-प्रकाश—का प्रणयन किया है। इस ग्रन्थ का एक-एक वाक्य समय पर हजारों रुपयों का काम देता है। इसके पूर्वार्द्ध के व्यायाम, ब्रह्मचर्य, भोजन, दिन-रात्रि-ऋतुचर्या, सदाचार, उत्तम विचार आदि विषयों को पढ़कर और तदनुकूल आचारण कर सदा बीमार रहनेवाले व्यक्ति भी बिना दवा के ही नीरोग और तन्दुरुस्त हो जाते हैं।

आयर्वेदीय क्रियाशारीर (रायल अठपेजी साइज, बढ़िया कागज, सजिल्द और सचित्र)—लेखक: वैद्य रणजितराय देसाई, वाइस-प्रिन्सिपल आयुर्वेद महाविद्यालय, सूरत। आयुर्वेदीय महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में पाठ्य-पुस्तक के रूपमें यह स्वीकृत है। इसे पढ़ने के बाद आयुर्वेद के विद्यार्थियों को 'हैलिबर्टन फिजिओलॉजी' खरीदने की जरूरत नहीं रहती।

आयुर्वेद-सार-संग्रह (पंचम संशोधित एवं परिवर्द्धित संस्करण)—सम्पूर्ण आयुर्वेद-शास्त्र के मंथन के पश्चात् इस ग्रन्थ का सम्पादन किया गया है। इसमें रोगानुसार औषधों का गुण-धर्म, प्रयोग तथा औषध-निर्माण, औषध-अनुपान, पथ्यापथ्य आदि के विवरण सरल भाषा में हैं।

आयुर्वेदीय व्याधि विज्ञान (पूर्वार्द्ध)—ले० : आयुर्वेद-मार्तण्ड वैद्य यादवजी त्रिकमजी आचार्य। इसमें व्याधि-विज्ञान के साधनों का वर्णन बहुत रोचक ढंग से किया गया है।

आयुर्वेदीय व्याधि विज्ञान (उत्तरार्द्ध)—ले० : आयुर्वेद-मार्तण्ड वैद्य यादवजी त्रिकमजी आचार्य। यह ग्रन्थ उपर्युक्त ग्रन्थ का उत्तरार्द्ध है। इसमें रोगों के लक्षण, निदान, चिकित्सा आदि हैं।

आयुर्वेदीय पदार्थ-विज्ञान (द्वितीय संस्करण) ले० : वैद्य रणजितराय देसाई। आयुर्वेदीय पदार्थ-विज्ञान अन्य सभी आयुर्वेदीय विषयों का आधारभूत है, अतः इसका अध्ययन किस शैली से होना चाहिए, इस बात के विशद विवेचन का इसमें सफल प्रयास किया गया है।

आयुर्वेदीय हितोपदेश (द्वितीय संस्करण)—लेखक : वैद्य रणजितराय देसाई। आयुर्वेद के रहस्य-बोध के लिए संस्कृत का ज्ञान आवश्यक है। विद्यार्थियों की इसी आवश्यकता को दृष्टि में रखकर अध्ययन-कार्य में दक्ष लेखक ने इस ग्रंथ का प्रणयन किया है।

उपचार-पद्धति (पंचम संस्करण)—उपचार और पथ्य पर सर्वोत्तम ग्रंथ।

किशोर-रक्षा और ब्रह्मचर्य—किशोर बालकों और तरुणों के लिए उपयोगी।

त्रिदोष-तत्त्व विमर्श (द्वितीय संस्करण)—लेखक : आयुर्वेद-बृहस्पति वैद्य रामरक्ष पाठक। इस ग्रन्थ में त्रिदोष-तत्त्व के विभिन्न स्वरूपों का वैज्ञानिक विश्लेषण किया है।

द्रव्यगुण विज्ञानम् (तृतीय संस्करण)—लेखक : आयुर्वेद-मार्तण्ड वैद्य यादवजी त्रिकमजी आचार्य। आयुर्वेदीय ग्रन्थों में सूत्र रूप में यत्र-यत्र बिखरे हुए द्रव्य-गुण-विषयक को संकलित कर संस्कृत तथा हिन्दी भाषा में विवेचन किया गया है, जो आयुर्वेद-ज्ञान के लिए उपयोगी है।

निदान चिकित्सा-हस्तामलक (प्रथम खण्ड)—लेखक : वैद्य रणजितराय देसाई। प्रस्तुत ग्रन्थ एक नवीनतम प्रयास है, जिसमें रोग-निदान के विषय में तुलनात्मक विवेचन के साथ-साथ अति गहन विषय को सरलतापूर्वक समझाने की चेष्टा की गयी है।

पदार्थ-विज्ञान (द्वितीय संस्करण)—लेखक : पं० रामरक्ष पाठक, आयुर्वेदाचार्य। देशभर की आयुर्वेदीय संस्थाओं एवं परीक्षा-समिति के पाठ्यक्रम में स्वीकृत।

मानस-रोग विज्ञान (द्वितीय संस्करण)—लेखक : डॉ० बालकृष्ण अमरजी पाठक। मानस-शास्त्र विषय पर सुचिन्तित प्रामाणिक ग्रंथ-रत्न।

यूनानी चिकित्सासार (द्वितीय संस्करण)—लेखक : हकीम ठाकुर दलजीत सिंह। यह पुस्तक वैद्य और हकीम दोनों के लिए अत्युपयोगी है।

यूनानी सिद्धयोग-संग्रह (तृतीय संस्करण)—यूनानी के नुस्खे आयुर्वेदीय नुस्खों की भाँति ही लाभदायक तथा सस्ते होते हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ चिकित्सकों तथा सर्वसाधारण के लिए उपयोगी है।

शार्ङ्गधर-संहिता—टीकाकार : आ० पं० राधाकृष्ण पाराशर। शार्ङ्गधर-संहिता की अनेक टीकाओं के बावजूद इस टीका में आयुर्वेद का रहस्य नये ढंग से समझाकर लिखा गया है।

संक्रामक रोग-विज्ञान (द्वि.सं.)—लेखक : कविराज बालकराम शुक्ल, आयुर्वेद-शास्त्राचार्य। संक्रामक रोगों पर सुचिन्तित ग्रंथ-रत्न।

सिद्धयोग-संग्रह (पंचम संस्करण)—आयुर्वेदोद्धारक वैद्य यादवजी त्रिकमजी आचार्य। इसमें आचार्यजी के अनुभव-सिद्ध योग हैं। अतएव, यह वैद्यों के लिए परम उपयोगी है।

मोटापन कम करने का उपाय—लेखक : श्री प्रभुदत्त ब्रह्मचारी। मोटापा के अभिशाप ग्रस्त व्यक्ति इस पुस्तक को अवश्य पढ़ें और उससे बचकर अपने जीवन को सुखी बनावें।

वनौषधि-शतक—लेखक : श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्राइवेट लि० के निदेशक प्राणाचार्य वैद्य पं० दुर्गाप्रसाद शर्मा। इस ग्रंथ में ऐसी एक सौ वनौषधियों का विशद परिचय रंगीन चित्रों के साथ प्रस्तुत किया गया है, जिनके शुद्ध और उचित उपयोग द्वारा ही औषधि पूर्ण गुणकारी बन सकती है। अतएव, यह पुस्तक आयुर्वेद के विद्वानों, छात्रों, चिकित्सकों एवं आयुर्वेद से प्रेम रखनेवाले साधारण जनों के लिए परमोपयोगी है।

पारिषद्यं शब्दार्थं शारीरम्—सम्पादक : आयुर्वेदाचार्य पं० दामोदर शर्मा गौड़। भूमिका लेखक : आचार्य रघुवीरप्रसाद त्रिवेदी। ११ सौ प्राचीन शब्दों के अर्थ आधुनिक शारीर शब्दों के साथ हिन्दी तथा संस्कृत में दिया गया है।

डायजशन एण्ड मेटाबोलिज्म इन आयुर्वेद (अंग्रेजी)—डा० सी० द्वारकानाथ द्वारा शरीर-तत्त्व और पाचन-संस्थान का वैज्ञानिक विवेचन।

ऐसी मुस्कुराहट के लिये हमें भी ये चाहिये

बैद्यनाथ

मंजन

लाल

ों के हिफाजत के लिये आप इसे व्यवहार करें

बैद्यनाथ

आंवला तैल

दिमाग को ठंढा रखने वाला महासुगन्धित तेल

विटामिन
'सी' से भरपूर
बैद्यनाथ च्यवनप्राश
सदा सब के लिये
सेवनीय रसायन



फेफड़ों के विकार, कफ़, खांसी, दमा,
जुकाम नाशक, आयु, बल वर्धक

बैद्यनाथ च्यवनप्राश

अष्टवर्गयुक्त

आज ही से व्यवहार करें

बैद्यनाथ
मृतसंजीवनी
सुरा

…ण एवं स्वस्थ दोनों के लिये समान
उपकारी शक्ति वर्धक टॉनिक